दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। बुधवार 17 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 278 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


### यूपी में गर्माई सियासत

## 48 घंटे में दूसरी बार जेपी नड्डा से मिले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**नई दिल्ली।** यूपी में लोकसभा चुनाव के बाद से बीजेपी में मची उथल-पुथल शांत होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ नेताओं की बयानबाजी को लेकर सरकार घिरी हुई है तो दूसरी तरफ यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को लेकर तरह तरह की अटकलबाजी चल रही है। इस बीच केशव प्रसाद ने मंगलवार की शाम नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से फिर मुलाकात की है। केशव 48 घंटे के अंतराल में नड्डा से दूसरी बार मिले हैं। इसे लेकर नई तरह की कयासबाजी शुरू हो गई है। इससे यहां की सियासत गर्मा गई है। इससे पहले रविवार को ही नड्डा और केशव की लखनऊ में मुलाकात हुई थी। हालांकि केशव के एक करीबी ने इसे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हुई भेंट बताया। केशव के साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के भी भाजपा अध्यक्ष से मिलने की चर्चा है।



लोकसभा के चुनावी नतीजों के बाद से भाजपा हतोत्साहित कार्यकताओं में उत्साह का संचार करने के प्रयास में जुट गई है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की रविवार को हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के भाषण कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने वाले ही थे।






### सीएम योगी से हुई जनप्रतिनिधियों की मुलाकात और मिले संकेत

# लोनी और खोड़ा को मिलाकर बनेगा महानगर निगम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम से लोनी नगर पालिका, खोड़ा नगर पालिका को जोड़ने की बात चलती रही है। एक बार मुरादनगर, मोदीनगर नगर पालिका के सीमा विस्तार और मतदाताओं की संख्या को लेकर शासन स्तर से रिपोर्ट मांगी गईथी। उसी के बाद कई वार्डों में सीमा विस्तार भी हुआ।

गाजियाबाद नगर निगम महा नगर निगम बनेगा इस पर सहमति वाली मुहर लखनऊ में मुख्यमंत्री के साथ हुई मीटिंग में दिखाई दिया है। सूत्र बताते हैं कि खोड़ा नगर पालिका और लोनी नगर पालिका को गाजियाबाद नगर निगम में मिलाकर इसे महानगर निगम बनाने की तैयारी हो रही है। लखनऊ में जब गाजियाबाद के विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य के साथ बैठक की तो इस प्रस्ताव पर सहमति बन गई। सूत्र बताते हैं कि बैठक में लोनी नगर पालिका और खोड़ा नगर पलिका को आपस में मिलाने की बात हुई। यहां पर मुख्यमंत्री ने भी सहमति जताई। उन्होंने लोनी में विकास की बात की और नहर की बात उठाकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम और लोनी नगर पालिका परिषद तथा खोड़ा नगर पालिका परिषद को मिलाकर एक संयुक्त नगर निगम बनाया जाये। बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव पर सहमति बताई और कहा कि यदि विकास के नजरिये से ये हो सकता है तो तत्काल इसे लागू होना चाहिए। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने लोनी, खोड़ा को गाजियाबाद में मिलाकर महानगर निगम बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है जिसके लिए धन की आवश्यकता होगी ताकि संयुक्त नगर निगम बने। गाजियाबाद के विधायकों की मौजूदगी में लोनी और खोड़ा नगर पालिका को मिलाकर महानगर निगम बनाने का प्रस्ताव रखा गया तो मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति जताई।

### जब धर्मेश तोमर ने कहा डासना को भी शामिल किया जाये इस प्लान में



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री के साथ गाजियाबाद के विधायक रूबरू थे विकास की बात चल रही थी। नगर निगम को महानगर निगम बनाने की तैयारी थी। लोनी और खोडा नगर पालिका को मिलाकर महानगर नगर निगम पर सहमति जताई गई। बताते हैं कि इसी दौरान धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने भी कहा कि डासना नगर पंचायत को भी गाजियाबाद नगर निगम में शामिल किया जाये।

### जब उठा बेहटा हाजीपुर की नहर वाली समस्या का मामला सीएम के सामने

करंट क्राइम। बेहटा हाजीपुर नगर के प्रदूषण का मामला मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठा। यहां मौजूद विधायकों ने भी कहा कि बेहटा हाजीपुर नहर ने नाले का रूप ले लिया है। कई बार शिकायतें होने के बावजूद अपना अस्तित्व खो रही है। वहीं दिल्ली सहारनुपर मार्ग की दुर्दशा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिक पैसे की जरूरत होगी और इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब बड़ा नगर निगम गठित किया जाये और निगम के अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाये।

### शहर विधानसभा को मिल जायेगा दिसम्बर महीने से पहले ही नया विधायक

## अगस्त में जारी होगी अधिसूचना और सितम्बर माह में हो जायेगा चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा सीट उपचुनाव की तैयारी निर्वाचन विभाग के स्तर पर हो रही है। दावेदार केवल कयास लगा रहे हैं मगर निर्वाचन विभाग का पूरा प्रयास है कि चुनाव दिसम्बर महीने से पहले हो जाये।



दावेदारी का मेला फूल में है और एज पर रूल वाला मामला निर्वाचन विभाग में है। सूत्र बता रहे हैं कि शहर विधानसभा सीट यानी सदर विधानसभा सीट को नया विधायक इसी वर्ष में मिलेगा। दिसम्बर महीने से पहले शहर विधानसभा सीट पर चुनाव हो जायेगा।

सूत्र बताते हैं कि चुनाव तो अगस्त माह में होना था लेकिन यहां का चुनाव अन्य सीटों पर उपचुनाव की वजह से देरी हो गई। लेकिन अब अधिक देरी के चांस नहीं है और दिसम्बर महीने से पहले ही शहर विधानसभा को नया विधायक मिल जायेगा। सितम्बर महीने में यहां चुनाव हो जायेगा। सूत्र बताते हैं कि अगस्त माह के अंतिम सप्ताह तक चुनावी अधिसूचना जारी हो जायेगी। सितम्बर महीने में चुनावी तैयारी होगी और सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में अक्टूबर माह के प्रथम माह में चुनाव हो जायेगा।

### ईवीएम है तैयार और वीवीपैट का भी होगा इस्तेमाल

करंट क्राइम। शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की पूरी तैयारी निर्वाचन विभाग कर रहा है। मतदान के लिए ईवीएम तैयार है। फर्स्ट लेवल चैकिंग हो चुकी है। ईवीएम को तैयार किया जा रहा है। शहर विधानसभा सीट पर वीवीपैट का भी इस्तेमाल होगा। प्रशासन यानी निर्वाचन विभाग अपनी चुनावी तैयारी पूरी कर चुका है। उसे केवल चुनाव आयोग की अधिसूचना का इंतजार है।

### इसलिए होगा दिसम्बर से पहले अनिवार्य रूप से यहां चुनाव

करंट क्राइम। दिसम्बर माह से पहले शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो जायेगा। सूत्र बताते हैं कि अब इसे टालने की गुंजाइश नहीं है। दिसम्बर से पहले निवार्चन विभाग को यहां चुनाव कराना ही कराना है। उसके पीछे कारण ये बताया जाता है कि यह नियम है कि कोई भी विधानसभा सीट, लोकसभा सीट रिक्त होने के बाद छह महीने से ज्यादा रिक्त नहीं रखी जा सकती। गाजियाबाद सदर विधानसभा सीट जून माह में रिक्त हो गई थी और इस हिसाब से नवम्बर माह में छह महीने पूरे हो जायेंगे और तभी जिला निर्वाचन विभाग को दिसम्बर महीने से पहले पहले यहां चुनाव कराना है। वो अधिसूचना का इंतजार कर रहे हैं और दिसम्बर माह का इंतजार नहीं होगा इससे पहले ही शहर सीट पर उपचुनाव होगा।

### कार्यकारिणी चुनाव

### भगवा कमांडर और मेयर के बीच चल रहा है सीन पहले आप... पहले आप...

# मेयर चाहतीं है संगठन दे नाम और संगठन चाहता है मेयर की तरफ से आये नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक के बाद लोग ये सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा क्यों नहीं हो रही। नगर निगम में भाजपा पूरी तरह बहुमत में है और यहां पर इस स्थिति में है कि जिसे चाहे उसे चुनाव मैदान में उतार दे। उनका उम्मीदवार जीतेगा। भाजपा के 73 पार्षद सदन में हैं। उसके 6 सदस्य लाटरी सिस्टम से सदन से बाहर हो गये हैं और अब नए कार्यकारिणी सदस्य आने हैं। भाजपा का ये प्रयास है कि संख्या बल को देखते हुए कार्यकारिणी चुनाव की नौबत नहीं आनी चाहिए। वो एक सदस्य को विपक्ष से लाना चाहती है और पांच सदस्य उसके अपने। लेकिन यहां पर कहानी पहले आप पहले आप वाली हो रही है। संगठन ये चाहता है कि निगम के सभागार में पार्षदों के नाम आयें। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि संगठन ने भी बडे आराम से ये बॉल मेयर के पाले में कर दी। मेयर चाहती हैं कि कार्यकारिणी सदस्यों के नाम संगठन दे और संगठन ये चाहता है कि मेयर का टिकट उन्हीं के पक्ष में हो। सूत्र बताते हैं कि अध्यक्ष और प्रमुख एम्पायरों के बीच बातचीत हुई है और यहां पर एक दूसरे को माइक दिया जा रहा है।




मेयर चाहती हैं कि संगठन की ओर से कार्यकारिणी सदस्यों के नाम आयें। संगठन सर्वोपरि का संदेश जाये और वहीं सूत्र बताते हैं कि संगठन की ये प्रबल इच्छा है कि कार्यकारिणी सदस्यों के लिए मेयर द्वारा नाम दिये जायें। अब दोनों एक दूसरे को लिस्ट देकर पहले आप पहले आप वाले मोड में आ गये हैं। निगम सूत्र बताते हैं कि मेयर वरिष्ठ नेता हैं और संगठन के सभी कायदे कानूनों से परिचित हैं। वो अब निगम की मुखिया होने के नाते किसी कि बुराई नहीं लेना चाहती और वो चाहती हैं कि आपसी सहमति से काम हो। वहीं महानगर संगठन इस उपचुनाव में किसी भी नाम को लेकर फोन या अन्य प्रेशर नहीं चाहता है। वो चाहता है कि मेयर की सहमति से नाम हों।

### कौन लेगा पक्ष जब बनेगा निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष

करंट क्राइम। 6 निगम कार्यकारिणी सदस्य नए आयेंगे। इसके अलावा किन्हीं 12 निगम कार्यकारिणी सदस्यों में से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भी गाजियाबाद की निगम राजनीति के गलियारों में आज भी प्रेम से डिप्टी मेयर बोला जाता है। हालांकि अब ये व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। ऐसे में ये देखना रोचक रहेगा कि नगर निगम कार्यकारिणी से वो कौन सा चेहरा होता है जिसका पक्ष मेयर और संगठन दोनों लेंगे। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर वो कौन चेहरा होगा जिस पर संगठन, जनप्रतिनिधि और मेयर की सहमति बनेगी। यहां वो डिप्टी मेयर बनेगा। सूत्र बताते हैं कि यहां पर प्रयास ईमानदार पार्षद को लाने का हो रहा है। मेयर चाहती हैं कि प्रवीण चौधरी का नाम निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के रूप में आये। यहां पर अगर चुनाव हुआ तो मामला रोचक हो सकता है।




# कांवड़ियों से पहले हरिद्वार से गंगाजल लेकर आएगी गाजियाबाद पुलिस

## आज हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए रवाना होगी पुलिस टीम

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। कांवड़ यात्रा में भोले बाबा के भक्तों को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद गंगाजल उपलब्ध कराने का पुण्य काम करेगी। इसके लिए बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की एक टीम हरिद्वार रवाना होगी।

जो हर की पौड़ी से गंगाजल लेकर गाजियाबाद आएगी। बताया जा रहा है कि लगभग 20-20 लीटर की 400 केन पानीभर के गाजियाबाद लाया जाएगा ताकि अलग-अलग जोन और यातायात पुलिस के साथ ही कुछ विशेष स्थानों पर पवित्र गंगाजल को रिजर्व में रखा जाए ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भोले की कांवड़ खंडित होने या उसका गंगाजल गिरने पर खाकी उनको हरिद्वार का गंगाजल उपलब्ध कराए। गाजियाबाद पुलिस यह है गंगाजल हरिद्वार से 20 जुलाई तक लाकर तीनों जोन में वितरित करने का काम भी करेगी। इसके साथ ही यातायात पुलिस के कुछ पॉइंट पर गंगाजल रिजर्व में रखा जाएगा।





### पुलिसकर्मियों की लगाई गई है बकायदा ड्यूटी

करंट क्राइम : हरिद्वार से हर की पौड़ी से पुलिसकर्मी बाकायदा गंगा जल लेकर आएंगे। इसके लिए ड्यूटी लगाई गई है। पहली खेप में 20 से अधिक केन पानी आ गया है। बुधवार को दोबारा से पुलिसकर्मियों को भेजा जा रहा है ताकि अधिक मात्रा में गंगाजल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रिजर्व में रखा जा सके।

### पुलिस मुहैया कराएगी शिव भक्तों को गंगाजल



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण व पुलिस लाइन विवेक चंद यादव ने जानकारी दी है कि पुलिस कमिश्नरेट हरिद्वार में हर की पौड़ी से पवित्र गंगा जल लेकर गाजियाबाद आएगी। यह



गंगाजल उन भोले बाबा के भक्तों को दिया जाएगा जिनकी कांवड़ खंडित हो जाएगी या गंगाजल पात्र टूट जाता है। उन्होंने बताया है कि कमिश्नरेट के तीनों जोन और कुछ खास स्थानों के अलावा पुलिस लाइन में भी भारी मात्रा में हरिद्वार से लाया गया गंगाजल रिजर्व में रखा जाएगा ताकि यह आवश्यकता पड़ने पर कांवड़ियों को उपलब्ध कराया जा सके।

### मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी नेता अम्बरीष त्यागी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की। गौरतलब है कि अम्बरीष त्यागी इंटरनेशनल स्तर के चुनावी रणनीतिकार हैं और शिक्षाविद भी हैं। वह पूर्व सांसद केसी त्यागी के सुपुत्र हैं।

# शिक्षकों की डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था दो माह के लिए की गई स्थगित...

## मामले के समाधान के लिए योगी सरकार बनाएगी कमेटी

**लखनऊ।** डिजिटल अटेंडेंस को लेकर शिक्षकों के प्रदर्शन को देखते हुए इस व्यवस्था को दो महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। मामले में समस्याओं को समाधान के लिए एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। यूपी डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था को दो महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। मामले में शिक्षकों की समस्या के समाधान और डिजिटल अटेंडेंस की दिक्कतों को खत्म करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। ये जानकारी प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एमकेएस सुंदरम ने दी।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि शासन ने फिलहाल डिजिटल अटेंडेंस स्थगित करने पर सहमति दी है। जल्द इसका आदेश



जारी होगा। शिक्षकों की समस्या के समाधान और डिजिटल अटेंडेंस की दिक्कत के समाधान के लिए एक कमेटी गठित की जाएगी। इसमें शिक्षाविद, शिक्षक नेता और अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डा. एमकेएस सुंदरम, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री योगी ने दिया था संवाद कर समाधान निकालने का निर्देश

डिजिटल अटेंडेंस को लेकर शिक्षकों की नाराजगी दूर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले ही सभी डीएम, बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) और सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी (एबीएसए) के साथ मिलकर शिक्षकों व शिक्षक प्रतिनिधियों से संवाद करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि विद्यालयों में पठन-पाठन सुचारु रूप से चलता रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इससे पहले भी सीएम ने विभागीय अधिकारियों को शिक्षकों से वार्ता कर समाधान निकालने के निर्देश दिए थे। परिषदीय विद्यालयों में आठ जुलाई से शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसे लेकर शिक्षक पिछले एक सप्ताह से आंदोलनरत थे। सोमवार को भी उन्होंने हर जिले में प्रदर्शन कर सीएम को संबोधित ज्ञापन भेजा।

# सेना ने कैप्टन बृजेश थापा समेत चारों शहीदों के जज्बे को किया सलाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद अपने चारों जवानों की बहादुरी को भारतीय सेना ने सलाम किया है और उनके परिवारों के साथ होने की बात कही है। सोमवार शाम शुरू हुई इस मुठभेड़ में एक अधिकारी सहित सेना के चार जवान और एक स्थानीय पुलिसकर्मी शहीद हो गया था। सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के सभी जवान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी. राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए डोडा में आतंकवाद के खिलाफ अभियान में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए प्राणों की आहुति दे दी। भारतीय सेना इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।

जानकारी के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े 'कश्मीर टाइगर्स' ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से बात की और



जमीनी हालात तथा चल रहे अभियान के बारे में जानकारी ली। राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, डोडा (जम्मू-कश्मीर) के उरारबागी में आतंकवाद के खिलाफ अभियान में भारतीय सेना के हमारे बहादुर जवानों की शहादत पर काफी शोकाकुल हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। अपने कर्तव्य के निर्वहन में जान न्यौछावर करने वाले सैनिकों के परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। हमारे सैनिक क्षेत्र में आतंकवाद को समाप्त करने और शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार देर शाम यह मुठभेड़ उस समय हुई जब राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने डोडा शहर से 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र के धारी गोटे उरारबागी में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। कुछ देर तक गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की लेकिन सैनिकों ने उनका पीछा किया। अधिकारियों ने बताया कि रात करीब 9 बजे जंगल में फिर से गोलीबारी शुरू हो गई। पहले मुठभेड़ में सेना और पुलिस के पांच सुरक्षाकर्मियों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर आई थी। बाद में मंगलवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।

# शिक्षकों व कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य कर रही यूपी सरकार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शिक्षक और शिक्षकों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी हार का तो विश्लेषण करती है लेकिन शिक्षक और कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति हमेशा बेरुखी का नजरिया अपनाती है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिक्षकों की मांगों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर कहा कि शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को जितनी जल्दी ये बात समझ आ जाएगी कि भाजपा सरकार शिक्षक और शिक्षा के खिलाफ है और भाजपा की वजह से परिवारवालों के बच्चों का भविष्य अंधकारमय है, उतनी ही जल्दी परिवर्तन के लिए जमीन बननी तैयार हो जाएगी। भाजपा शिक्षकों और कर्मचारियों को



विरोध का एक ऐसा आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य न करे जिससे हर क्षेत्र में ठहराव आ जाए। भाजपा अपनी हार का तो विश्लेषण करती है लेकिन शिक्षक और कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति हमेशा बेरुखी का नजरिया अपनाती है। भाजपा की सरकार एक हृदयहीन सरकार है। जिसमें संवेदना न हो वो सरकार नहीं चाहिए। बता दें कि वर्तमान में शिक्षक विभिन्न मांगों को लेकर सरकार प्रदर्शन कर रहे है। शिक्षकों ने 8 जुलाई को शुरू की गई डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था का विरोध किया। हालांकि, इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिया है कि वो शिक्षकों से बात करें और समस्या का समाधान निकालें।

# प्रयागराज में कैंसर से पीड़ित सचिन को 20 मिनट के लिए बनाया गया मंडलायुक्त

**प्रयागराज।** प्रयागराज में कैंसर से पीड़ित दस साल के सचिन प्रजापति को जिले का मंडलायुक्त बनाया गया है। सचिन को बीस मिनट के लिए प्रभार दिया गया। सचिन को जिले का सबसे बड़ा अधिकारी बनने की इच्छा थी। बता दें कि प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सचिन को पदभार देने में मदद की। उन्होंने सचिन को पदभार देकर पुष्प भेंट की और स्वागत किया। इस कार्यक्रम के दौरान तत्काल मंडलायुक्त सचिन का स्वागत करने कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम खत्म होते ही मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि मुझे सचिन की बीमारी के बारे में जानकारी मिली। जानकारी में पता चला कि सचिन कैंसर से पीड़ित है और उसकी इच्छा है कि जिले का सबसे बड़ा अधिकारी बनें। सचिन की इच्छापूर्ति के लिए हमने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में छोटे मासूम सचिन की इच्छा के अनुसार उसे जिले का मंडलायुक्त बनाया गया। उन्होंने आगे कहा कि सचिन के अंदर बहुत ही दृढ़शक्ति है। उसने अभी भी हार नहीं मानी है, यह बहुत बड़ी बात है। उसकी दृढ़शक्ति को देखते हुए हमलोगों ने उसे सम्मानित किया। मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक पाण्डेय ने बताया कि शुरूआत में सचिन के आने पर इसकी बायोप्सी की गई। बायोप्सी में बच्चों में पाए जाने वाला रेयर कैंसर रैबडोमायोसारकोमा पाया गया, जो कि एडवांस स्टेज पर पहुंच चुका है। हालांकि, इलाज के माध्यम से इसका रोकथाम किया जा रहा है।



# मैं एक-एक पाई का हिसाब लेकर आया हूं आंकड़ों के साथ मैदान में आएं : अमित शाह

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। अगर वो हरियाणा में सत्ता में आती है तो यहां भी ऐसा ही करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही पिछड़े वर्गों के खिलाफ रही है। 1957 में ओबीसी आरक्षण के लिए काका कालेलकर आयोग का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस ने इसे सालों तक लागू नहीं किया। 1980 में इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया। 1990 में जब इसे पेश किया गया तो राजीव गांधी ने दो घंटे 43 मिनट का भाषण देकर ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने ही पूरे देश को बताया कि उनकी सरकार दलितों, गरीबों और पिछड़ों की सरकार है। अमित शाह ने कहा, भाजपा ने देश को पहला सशक्त पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री देने का काम किया है। केंद्र में




71 में से 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं। गृह मंत्री ने ओबीसी समुदाय के लिए प्रधानमंत्री के कामों को गिनाया और कहा कि उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए आरक्षण सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में मुस्लिम आरक्षण नहीं होने देंगे।

उन्होंने कांग्रेस नेता और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके भूपेंद्र हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा, मैं एक-एक पाई का हिसाब लेकर आया हूं, आंकड़ों के साथ मैदान में आएं। हरियाणा में अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। भाजपा यहां अकेले चुनाव लड़ने वाली है। उसकी नजर पिछड़े वर्ग को लुभाने पर है, जिनकी राज्य में 27 फीसदी हिस्सेदारी है। तीन सप्ताह से भी कम समय में अमित शाह का यह दूसरा हरियाणा दौरा है। इससे पहले गृह मंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने किया।

# नीतीश कुमार ने मुकेश सहनी से की बात, कड़ी कार्रवाई का दिया भरोसा

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के बाद प्रदेश की सियासत गर्म है। इसी बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से फोन पर बात कर उनके पिता की हत्या पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान में कहा गया है कि सीएम नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीतन सहनी की हत्या अत्यंत दुखद घटना है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री



ने पूर्व मंत्री मुकेश सहनी से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर-शांति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। बता दें कि बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या अज्ञात बदमाशों ने सोमवार की देर रात धारदार हथियार से कर दी। मंगलवार की सुबह उनका क्षत-विक्षत शव दरभंगा के सुपौल बाजार स्थित उनके आवास से बरामद किया गया। इसके बाद से ही प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। विपक्ष जहां इस हत्या के बाद कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष बचाव की मुद्रा में है। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। मुकेश सहनी फिलहाल मुंबई में हैं और उनके शाम तक बिहार पहुंचने की संभावना है।

# पीएम मोदी से मिले सीएम सुक्खू

## बिजली रॉयल्टी, बीबीएमबी में हिस्सेदारी सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर पीएम मोदी से चर्चा की।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर पीएम मोदी से चर्चा की। सीएम ने बिजली रॉयल्टी, बीबीएमबी में हिस्सेदारी और नई पेंशन योजना के अंशदान का मुद्दा पीएम से उठाया। पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट की ग्रांट हिमाचल को नहीं मिल पाई है, इसे लेकर भी प्रधानमंत्री से बात की गई। प्रधानमंत्री ने सभी मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्ण विचार करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीबीएमबी के पास हिमाचल की 4,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की हिस्सेदारी है, जिसे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भी हिमाचल को नहीं दिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2011 को हिमाचल के पक्ष में फैसला दिया और बीबीएमबी की तरफ से परिचालित विद्युत परियोजनाओं में हिमाचल की हिस्सेदारी 7.19 फीसदी तय की।



यह हिस्सेदारी 27 सितंबर से 2011 से प्रदेश को मिलनी शुरू हो गई है, लेकिन 2011 से पहले का एरियर अभी तक नहीं मिल पाया। हिमाचल की पूर्व सरकार ने पावर प्रोजेक्ट में रॉयल्टी कम की थी।

वहीं लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली गए हैं। दोनों नेता केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से भी मुलाकात कर प्रदेश में बीते वर्ष आई आपदा से प्रभावित सड़कों को लेकर धनराशि जारी नहीं होने का मामला उठाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर खट्टर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न विकास कार्यों व योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

# सिहानी गेट पुलिस ने पकड़ा एविएटर गेम में 62 लाख रुपए हारने वाला चोर, अब तक दर्जनों मकान कर चुका है साफ

## दिल्ली की मंडोली जेल में ली थी चोरी की ट्रेनिंग

● आरोपी मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास व सुनार शेख शरीफ के साथ गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन की थाना सिहानी गेट पुलिस ने विभिन्न थानाक्षेत्र में चोरी करने वाले ऐसे शातिर और स्टाइलिश स्टोर को गिरफ्तार किया है जो बीते कई सालों से चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देता चला आ रहा है। पकड़ा गया शातिर चोर मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास उर्फ रेहान निवासी अमरोहा वर्तमान प्रताप विहार ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि उसे ऑनलाइन एविएटर गेम खेलने का शौक था। जिसमें करीब 62 लाख रुपए वो बीते कुछ साल में हार चुका है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह कैला भट्टा में रहने वाले सुनार शेख शरीफ को चोरी का माल बेचता था। जो आधे दाम में जाता था। आरोपी मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास के खिलाफ पांच मुकदमे अमरोहा में दर्ज हैं। तो एक आम्स एक्ट का मुकदमा दिल्ली और चोरी के सात कुल मामले दर्ज हैं। मंगलवार को डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह और थाना प्रभारी सिहानी गेट रविंद्र कुमार ने पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी दी।



### 07 महीने में की थी एक दर्जन से ज्यादा बड़ी चोरियां

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शातिर चोर मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास उर्फ रेहान ने बीते 7 महीने के दौरान एक दर्जन से अधिक चोरियां की थी। जिसमें पटेल नगर में लाल क्वार्टर, लोहिया नगर, पटेल नगर, रामनगर, मुकुंद नगर, न्यू पंचवटी, विजय नगर, शालीमार गार्डन और वसुंधरा का इलाका भी शामिल है। पुलिस ने बताया है कि यह जिस मकान में ताला बंद देखता था उसी को निशाना बनाता था। साथ ही यह साल 2020 में दिल्ली से भी जेल गया था। 2023 में जेल से छूटकर आया था। वहां मंडोली जेल में इसको चोरी के गिरोह से संपर्क हुआ और वहीं से इसने दरवाजा और लॉक तोड़ने की ट्रेनिंग ली थी।

### आधे दाम में लेता था सुनार चोरी का माल

करंट क्राइम : एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने जानकारी दी है कि शेख शरीफ निवासी लालटेन फैक्ट्री कैलाभट्ट जो की सुनार का काम करता है। यह मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास उर्फ रेहान से सोने-चांदी के जेवर आधी रकम में लिया करता था और फिर इसे गला कर अन्य सुनार के यहां ले जाया करता था। पुलिस का कहना है कि मोहर्रम से पूछताछ के बाद कई और मामलों का भी आने वाले दिनों में पुलिस खुलासा कर सकती है।



### पुलिस ने स्कूटी पर लगाया जीपीएस तो चकमा दे गया मोहर्रम अली





करंट क्राइम : पुलिस ने जानकारी दी है कि मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास को पुलिस बीते करीब डेढ़ महीने से ट्रैक कर रही थी। पुलिस ने इसको एक दिन पकड़ने के लिए इसकी चोरी की स्कूटर में जीपीएस सिस्टम भी लगाया लेकिन इसको शक हुआ तो इसने स्कूटी से वह डिवाइस निकाल लिया था, जो पुलिस के अनुसार जीपीएस सिस्टम था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी मोहर्रम अली उर्फ हसन अब्बास उर्फ रेहान से दिल्ली से चोरी की एक काले कलर की स्कूटी, ओप्पो का मोबाइल, दो फर्जी नंबर प्लेट, साढ़े पांच लाख रुपये नगद, लाखों रुपए के सोने और चांदी के जवरात के साथ ही लोहे का एक रिंच, लोहे की चार छोटी बड़ी छड़ और चोरी के लिए गेट तोड़ने वाले औजार बरामद किए हैं।

# शंभू बॉर्डर खुलते ही किसान करेंगे दिल्ली कूच

## अंबाला एसपी ऑफिस का करेंगे घेराव

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किसानों की रिहाई की मांग को लेकर 17 और 18 जुलाई को किसान हरियाणा के अंबाला एसपी ऑफिस का घेराव करेंगे। किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने आंदोलन में मारे गए युवा किसान शुभकर्ण की मौत की जांच हरियाणा पुलिस के अधिकारी को सौंपने को अन्यायपूर्ण बताया। डल्लेवाल ने हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार अपने पुलिस अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रही है। हाईकोर्ट को फिर से जांच के लिए विचार करना चाहिए।किसान नेता ने कहा कि शंभू बॉर्डर खोलने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। हरियाणा सरकार किसानों का नाम लेकर कानून व्यवस्था खराब होने की झूठी दलील दे रही है। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली जाना चाहते हैं। किसान शांतिपूर्ण धरना करना चाहते हैं। सभी को मिल कर हरियाणा सरकार पर रास्ता खोलने का दबाव बनाना चाहिए। रास्ता खुलते ही किसान दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों ने पूरी तैयारी कर रखी है। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। जींद में 15 सितंबर को हरियाणा के किसान महापंचायत करेंगे। किसानों ने कहा कि दिल्ली कूच करना किसानों की मजबूरी है। खनौरी बॉर्डर पर किसान जमा होना शुरू हो गए हैं।



दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 17 जुलाई-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




SS PATH LAB
& DIAGNOSTIC CENTRE
(Your Health is Our Priority)
Ultrasound ✚ Digital X-Ray
ECG ✚ Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी, राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360



# पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह ने कर दी स्थिति स्पष्ट, कहा अगस्त में उड़ेंगे यहां से जहाज

## इससे पहले अतुल गर्ग उठायेंगे लोकसभा में हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान का मुद्दा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दैनिक करंट क्राइम से ये बताया था कि वह हिंडन एयरपोर्ट यानी सिकन्दरपुर डोमेस्टिक एयरपोर्ट से कोई उड़ान ना होने का मामला लोकसभा में उठायेंगे। अतुल गर्ग ने ये कहा था कि वह इस मामले को इसलिए भी उठाना चाहते है कि सरकार के करोड़ों रुपए लगे हैं और जनता को कोई लाभ नहीं हो रहा है। अतुल गर्ग इससे पहले लोकसभा में इस मुद्दो को उठाते और यहां की बात लोकसभा में उड़ान भरती। उससे पहले ही मुद्दे की इस फ्लाईट को जनरल वीके सिंह ने नया मोड़ दिया।





लोकसभा में गूंजेगा हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट की उड़ान का मुद्दा
लखनऊ-अयोध्या-काशी-प्रयागराज की कब शुरू होगी उड़ान

गाजियाबाद, करंट क्राइम। हिंडन एयरपोर्ट यानी सिकंदरपुर डोमेस्टिक एयरपोर्ट की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में की थी। वह खुद यहां आये थे और इस एयरपोर्ट का उद्घाटन करके गये। इसी दिन शहीद स्थल से दिलशाद गार्डन की मेट्रो सेवा भी शुरू हुई थी।

मेट्रो तो चल रही है लेकिन उड़ान का पता नहीं है। एयरपोर्ट तैयार है, रनवे तैयार है, खुला आसमान है मगर यहां उड़ान नहीं है। शुरुआती दौर में कुछ फ्लाईट चली और उसके बाद वो भी बंद हो गई। करोड़ो रूपये का ये प्रोजेक्ट आखिर क्यों ठंडे बस्ते में चला गया। एयरपोर्ट तैयार होने के बाद क्या वजह रही कि यहां से उड़ान शुरू ही नहीं हो पाई। अब हिंडन एयरपोर्ट का मुद्दा लोकसभा में गूंजेगा और पूरा देश ये जानेगा कि सिकन्दरपुर वाले डोमेस्टिक एयरपोर्ट से उड़ान क्यों नहीं शुरू हो रही है। कमी हवाई जहाज की है या फ्लाईट के लिए सवारी नहीं मिल रही हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट को लेकर लोकसभा में सवाल पूछने की तैयारी कर ली है। उन्होंने लोकसभा में ये सवाल उठाने की तैयारी की है और खास बात ये है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लोकसभा में ये भी मुद्दा उठायेंगे कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट चालू होने के बाद भी फ्लाईट का संचालन न होने से सरकार के खजाने पर इस एयरपोर्ट के संचालन का कितना खर्च आ रहा है। आखिर फ्लाईट क्यों नहीं शुरू हो रही और जब फ्लाईट नहीं है तो वहां क्या हो रहा है। बहरहाल जल्द ही लोकसभा में गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में बने सिकन्दरपुर डोमेस्टिक एयरपोर्ट का मामला लोकसभा में उठने जा रहा है।



जनरल वीके सिंह की प्रतिक्रिया इस खबर पर आई और उन्होंने करंट क्राइम से बात की और पूरी स्थिति स्पष्ट की। पूर्व सांसद तथा केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि सिकन्दरपुर डोमेस्टिक एयरपोर्ट के विषय को लेकर वह शुरू से ही गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से कुछ फ्लाईट शुरू हुई थी जिन्हें विभिन्न कारणों से रोका गया। उन्होंने कहा कि गई फ्लाईट अभी भी पेंडिंग है अपने लोकसभा कार्यकाल में उन्होंने यहां की फ्लाईटों को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी के शीर्ष अधिकारियों से बात की थी। इसी बीच जेवर एयरपोर्ट का मामला आ गया। किसी भी एयरपोर्ट से संचालित होने वाली फ्लाईटों का अपना एक कैलकुलेशन होता है। ये देखा जाता है कि एक एयरपोर्ट की फ्लाईट का प्रभाव दूसरे एयरपोर्ट पर नहीं पड़ना चाहिए। लिहाजा यहां भी इसी रूल के तहत ये देखा गया कि जेवर एयरपोर्ट की फ्लाईट का असर यहां की फ्लाईटों पर तो नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगस्त माह में यहां से अलग-अलग स्थानों के लिए फ्लाईटों उड़ान भरेंगी। हालांकि जनरल वीके सिंह ने स्थानीय लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की घोषणा पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और उन्होंने सामान्य तरीके से यह बात रखते हुए कहा कि यहां से फ्लाईट कब उड़ेंगी और कहां के लिए उड़ेंगी, उसे लेकर अपडेट रहने की जरूरत है।

इस मामले को कहीं भी ले जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि एयर इडिया एक्सप्रेस यहां से फ्लाईट शुरू करने जा रहा है। उसके लिए वैधानिक क्रिया कलाप पूरे हो चुके हैं। अगस्त के महीने में सिकन्दर पुर हवाई अड्डे से फ्लाईट शुरू हो जायेंगी। इसके लिए हॉयर टेक्निक वालों के टच में है। जनरल वीके सिंह ने कहा कि इस हवाई अड्डे से उड़ान के लिए उन्होंने केन्द्रीय रहते हुए अथक प्रयास किये हैं और विभिन्न अथॉरिटी को पत्र लिखा और उसका ही यह प्रयास है कि अब अगस्त माह में फ्लाईट शुरू होंगी। इसके लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस ग्रुप अपनी सेवाएं शुरू करने जा रहा है। यहां से विभिन्न स्थानों के लिए फ्लाईट शुरू हो रही है।

# पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने उठाया साईं उपवन की हरियाली खत्म होने और प्रदूषण के बढ़ने का मुद्दा

## चीफ सेक्रेटरी, सेक्रेटरी, जीडीए वीसी, नगर आयुक्त और वन अधिकारी सहित कई अधिकारियों को भेजा पत्र



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम ।** गाजियाबाद की 200 एकड़ में हरित क्षेत्र के रूप में जीडीए मास्टर प्लान 2021 के तहत चिन्हित किए गए साईं उपवन की दैनीय होती स्थिति से नाराज होकर पूर्व भाजपा पार्षद व वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्यागी ने कई अधिकारियों व विभागों को पत्र भेजा है। साथ ही इसमें उन्होंने यहां बड़ी संख्या में पेड़ लगाए जाने के बाद यहां की खत्म होती हरियाली और बढ़ते प्रदूषण के मुददे को उठाने का काम किया है। साथ ही यहां सीवरेज का पानी जाने से पेड़ों के खत्म होने और वायु प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बनाए गए सिटी फॉरेस्ट की उपयोगिता को लेकर सवाल उठाया है।

इस संबंध में पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने उत्तर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी, सेक्रेटरी, जिलाधिकारी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय वन अधिकारी को पत्र लिखकर इस पर ध्यान देने और इसके पुनः यहां के उत्थान और संवारने की मांग की है। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि 15 दिन के भीतर इस मामले पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तो वह इसको लेकर उचित न्यायिक मंच पर भी वह मुद्दा उठाएंगे।

### 70 हजार से ज्यादा पौधे हो चुके हैं अब तक खत्म



**करंट क्राइम ।** पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी का कहना है कि गाजियाबाद की हरियाली को बढ़ाने के लिए साईं उपवन को सिटी फॉरेस्ट के रूप में 200 एकड़ में डेवलप किया गया था। यह साल 2001 में शुरू हुआ था, फिर 2006-07 तक यहां पौधे हरे रहे। इसके बाद यहां गोल्फ सिटी और प्रीमियम योजना लाने का प्लान बना लेकिन उसका विरोध किया गया, तो वह बंद की गई। फिर यहां नगर निगम का डंपिंग यार्ड चालू कर दिया गया। जिससे हजारों पेड़ों का नुकसान हुआ, फिर यहां इको पार्क साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया लेकिन वह भी योजना सफल नहीं हो पाई, क्योंकि यहां अवांछित लोग आते थे। फिर इस मामले को हम दोबारा 2011-12 में हाई कोर्ट लेकर गए। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी कहना है कि साईं उपवन के क्षेत्र में अब तक लगभग 70 हजार से ज्यादा पौधे गंदे पानी, सीवर युक्त नाले के पानी आने की वजह से खराब हो चुके हैं।

### हरियाली शहर के फेफड़े इसे खत्म नहीं होने देंगे

**करंट क्राइम ।** पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी का कहना है कि शहर के बहुत कम हिस्से में अब हरियाली बची है। नगर निगम यहां डायवर्सिटी पार्क लाना चाहता है लेकिन अब कुछ ही इलाका ऐसा बचा है जहां हरियाली है। यह हरियाली शहर की आबोहवा को सुधारने के लिए फेफड़े का काम कर रही हैं। अब इसे हम खत्म नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा है कि जल्द ही इस मामले को लेकर वह न्यायिक लड़ाई भी लड़ेंगे।

### साईं उपवन में होगा पौधारोपण

**करंट क्राइम ।** वहीं पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि साईं उपवन में सभी सीवरेज और औद्योगिक अपशिष्ट को बाहर निकलना जाए। यहां सालों पहले लगाए गए पौधों की वर्तमान की गणना करने के बाद साईं उपवन को पुन: पहले की तरह हरियाली से हरा भरा बनाया जाए। पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि साईं उपवन में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और पौधारोपण कार्यक्रम कराया जाए ताकि इसकी बदहाल होती सूरत व हालात को सुधारा जा सके। इसके साथ ही हिंडन नदी को यहां के पौधे कटान से जो नुकसान हुआ है, उसको लेकर भी अधिकारियों व संबंधित विभागों को कार्रवाई की जानी चाहिए।

# कांवड़ मार्ग पर पेड़ों के कटान पर लिया एनजीटी ने एक्शन

### एडिशनल आयुक्त अधक्षता वाली कमेटी करेगी जांच और सौंपेगी रिपोर्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गंग नगर रोड कावंड़ मार्ग पर पेडों के कटान मामले पर एनजीटी ने संज्ञान लिया है। एनजीटी ने सरकार को नोटिस भेजा और अब इस मामले में जांच बिठा दी गई और टीम गठित कर दी गई है और यह टीम अपनी रिपोर्ट भेगी। गौरतलब है कि गंगनहर रोड कांवड़ मार्ग पर पेडों के कटान का मामला सामाजिक कार्यकर्ता आकाश वशिष्ठ ने उठाया था। उन्होंने एनजीटी में शिकायत की थी और कहा था कि




कांवड़ मार्ग पर निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते हुए पेड़ों का कटान किया गया है। इस शिकायत में कहा गया था कि हरे पेडों की ये कटाई अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। एनजीटी ने आकाश वशिष्ठ की याचिका को स्वीकार करते हुए सरकार को नोटिस भेजा था। एनजीटी के नोटिस पर संज्ञान लिया गया है और जांच बिठा दी गई है। पेड़ो की कटान की जांच के लिए टीम गठित की गई है। इस टीम में एडिशनल आयुक्त को अध्यक्ष बनाया गया है तथा एडीएम प्रशासन गाजियाबाद और एडीएम प्रशासन मेरठ को टीम में सदस्य के रूप में लिया गया है। डिप्टी-1 सरंक्षक भी इस समिति में लिये गये हैं। ये टीम मौके पर जाकर जांच करेगी। बताया जाता है कि टीम ने जांच शुरू कर दी है। एनजीटी के आदेशों के अनुपालन में ये जांच शुरू हुई है। जल्द ही यह टीम अपनी रिपोर्ट एनजीटी के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

# सिपाही ने सरकारी बंदूक से गोली मारकर की आत्महत्या

### महिला मित्र कर रही थी ब्लैकमेल


**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के मुरादनगर इलाके में इवीएम की सुरक्षा में तैनात सिपाही पम्मी ने सरकारी शस्त्र से गोली मारकर जान दे दी। ये घटना मंगलवार रात करीब 8 बजे हुई है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि सिपाही को एक महिला द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा था। डीसीपी विवेक चंद यादव ने बताया, 'रात 8 बजे सूचना प्राप्त हुई कि मुरादनगर नगर पालिका कार्यालय में स्थित ईवीएम की सुरक्षा गारद में तैनात 2018 बैच के एक आरक्षी पम्मी पुत्र प्रवीन के द्वारा स्वंय को सरकारी शस्त्र से गोली मार ली गई है। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस एवं अधिकारी तत्काल मौके पहुंचे। घटना के संबंध में सिपाही द्वारा घटना से पूर्व बनाया गया एक वीडियो प्राप्त हुआ है। जिसमें बताया गया है कि इनके गांव की रहने वाली एक महिला से करीब दो वर्ष पूर्व सिपाही का संबंध था। अब महिला के पुरुष और महिला मित्र द्वारा सिपाही को झूठे मुकदमे में फंसाने के नाम पर ब्लैकमेल किया जा रहा था। अन्य चीजों को लेकर भी धमकी दी जा रही थी। इन सभी से आहत होकर सिपाही ने खुदकुशी की है।' डीसीपी ने कहा कि इस वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा तत्काल ही अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।




# कांवड़ मार्ग मेरठ रोड पर 22 जुलाई से नहीं चलेंगे भारी वाहन

## 5 अगस्त तक कमिश्नरेट के कई इलाकों में रहेगा रूट डायवर्जन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर 22 जुलाई से लेकर 5 अगस्त तक के लिए भारी वाहनों का रुट डायवर्जन रहेगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा मंगलवार को डायवर्जन प्लान जारी कर दिया गया है। डायवर्जन प्लान के अनुसार दिल्ली की ओर से आने वाले वाहन मेरठ रोड कांवड़ मार्ग के साथ-साथ दिल्ली से हरिद्वार को जाने वाले वाहनों के लिए पूरा रूट प्लान बनाया गया है। इसके साथ ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और कंट्रोल रूम से लेकर यातायात निरीक्षक और उप निरीक्षकों के नंबर जारी किए गए हैं ताकि लोगों को कांवड़ यात्रा के दौरान असुविधा न हो। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पीयूष कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि लगभग 15 दिनों के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में रूट डायवर्जन का असर देखने को मिलेगा।




### दिल्ली से हरिद्वार जाने वालों को बदलना होगा अपना रूट

**करंट क्राइम ।** यातायात पुलिस द्वारा जो रूट डायवर्जन प्लान बनाया गया है, उसके तहत दिल्ली की ओर से आने वाले वाहन तुलसी निकेतन बॉर्डर, सीमा बॉर्डर, आनंद विहार बॉर्डर का गाजियाबाद शहर में प्रवेश पूरी तरीके से भारी वाहनों के तौर पर 22 जुलाई से बंद रहेगा। सभी वाहन चौधरी चरण सिंह मार्ग पर यूपी गेट गाजीपुर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-09 से अपने गंतव्य को जाएंगे। वहीं दिल्ली की ओर से आने वाले वाहन जिन्हें हरिद्वार, अमरोहा, मुरादाबाद ,लखनऊ आदि जाना है, यह यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर से प्रवेश कर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-09 का प्रयोग करते हुए डासना इंटरसेक्शन से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होते हुए आगे जाएंगे।

### बागपत, हापुड़ और बुलंदशहर जाने वालों का भी बदलेगा रूट

**करंट क्राइम ।** बागपत की ओर से आने वाले वाहन जिन्हें दिल्ली की ओर जाना है। वो ट्रोनिका सिटी सोनिया विहार होते हुए आगे बढ़ेंगे। तो वही हापुड़ व बुलंदशहर की ओर आने वाले वाहन डासना पुल से सीधे गाजियाबाद शहर की ओर न जाकर एनएच-09 से ही जा पाएंगे। वहीं बुलंदशहर हापुड़ की ओर आने वाले वाहन लाल कुआं से सीधे गाजियाबाद शहर में आकर एनएच-09 का प्रयोग करते हुए ही गंतव्य तक जा पाएंगे। दिल्ली, हापुड़, लाल कुआं की ओर आने वाले वाहन आत्माराम स्टील तिराहा से शहर की ओर ना आकर एनएच-09 से ही आगे जा पाएंगे। उधर लोनी बॉर्डर से लोनी कस्बे की ओर भी भारी वाहनों का प्रवेश कांवड़ यात्रा के दौरान बंद रखा जाएगा।




### संतोष मेडिकल कट से मेरठ रोड पर नहीं जाएंगे भारी वाहन

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर संतोष मेडिकल कट से मेरठ के रोड की ओर जाने वाले भारी वाहन कांवड़ यात्रा के दौरान पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। वहीं शिवरात्रि पर जब जलाभिषेक के दौरान इस मार्ग पर दो पहिया और आंतरिक रास्तों पर भी रूट डायवर्जन का प्लान लागू किया जाएगा।

### नोएडा- खोड़ा जाने वालों को भी बदलना होगा अपना मार्ग

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से लेकर 5 अगस्त तक रूट डायवर्जन का प्लान यातायात पुलिस द्वारा तैयार किया गया है। ऐसे में गौर ग्रीन सिटी, इंदिरापुरम, खोड़ा, काला पत्थर, सेक्टर- 62 नोएडा, छिजारसी ,कनवानी पुश्ता से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-09 होते हुए इंदिरापुरम में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा। वहीं कांवड़ियों की संख्या




बढ़ने पर हल्के वाहनों को लेकर भी यातायात में बदलाव किया जाएगा।

### गंग नहर पटरी, हापुड़-भोजपुर मार्ग पर भी भारी वाहन नहीं ले पाएंगे एंट्री

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के डायवर्जन प्लान के अनुसार गंग नहर पटरी मार्ग, पाइपलाइन मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 पूर्व में एनएच-58, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर भारी वाहनों का प्रवेश कांवड़ यात्रा के दौरान पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। वहीं हापुड़ भोजपुर से आने वाले वाहनों को मोदीनगर की ओर प्रवेश नहीं लेने दिया जाएगा। इसके साथ ही हल्के वाहनों को लेकर भी यातायात पुलिस कांवड़ यात्रा की स्थिति को लेकर निर्णय करेगी।

### 15 दिन मोहन नगर नहीं आ पाएंगे भारी वाहन

**करंट क्राइम ।** कांवड़ यात्रा के दौरान मोहन नगर मुख्य मार्ग भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरीके से प्रतिबंधित रहेगा। दिल्ली से प्रवेश करने वाले कोई भी भारी वाहन मोहन नगर से होकर नहीं आ पाएंगे। वहीं वसुंधरा फ्लाईओवर पर भी भारी वाहनों को नहीं आने दिया जाएगा। यह प्लान कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यातायात पुलिस गाजियाबाद द्वारा जारी किया गया है।

### जाम में हों परेशान तो इनको मिलाएं फोन :



- यातायात निरीक्षक प्रथम दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे/ शहर क्षेत्र- 7007847097
- यातायात निरीक्षक द्वितीय मेरठ रोड/षहर क्षेत्र- 8707676770
- यातायात निरीक्षक तृतीय मुरादनगर/मोदीनगर क्षेत्र- 7398000808
- यातायात निरीक्षक चतुर्थ यूपी गेट/इन्द्रापुरम क्षेत्र- 8130674912
- यातायात निरीक्षक पंचम मोहननगर/तुलसी निकेतन/सीमापुरी क्षेत्र- 9219005151
- प्रभारी उपनिरीक्षक यातायात लोनी/टीला मोड क्षेत्र- 9412743743

### महत्वपूर्ण फोन नम्बर

- नगर नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 9643208942 लैण्ड लाइन- 0120-2989100
- ग्रामीण नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 8929436700 लैण्ड लाइन- 0120-2764999
- ट्रान्स हिण्डन नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 9643204440 लैण्ड लाइन- 0120-2990100
- ट्रैफिक नियन्त्रण कक्ष- सी0यू0जी0- 9643322904 लैण्ड लाइन- 0120-2986100

## संपादकीय

# आतंकियों के मंसूबे

जम्मू कश्मीर के कठुआ में सेना के काफिले पर हुआ आतंकवादी हमला इस बात की नए सिरे से पुष्टि करता है कि बदले हालात में आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का जल्द से जल्द और अधिकाधिक तीव्रता से अहसास कराना चाहते हैं। हाल के दिनों में अंजाम दी जा रही आतंकी घटनाओं में कुछ नए पैटर्न दिख रहे हैं जो कई लिहाज से गौर करने लायक हैं।

इसी साल की बात करें तो जम्मू क्षेत्र में छह बड़ी आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें रियासी क्षेत्र में बस पर हुआ हमला शामिल है, जिसमें 9 तीर्थयात्री मारे गए थे। पहली बात तो यह कि तीर्थयात्रियों को निशाना बनाना भी जम्मू कश्मीर में हिंसा की पृष्ठभूमि को देखते हुए कोई सामान्य बात नहीं है। दूसरी बात यह कि घाटी में सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई चौकसी के मद्देनजर आतंकी तत्वों ने जम्मू के अपेक्षाकृत शांत माने जा रहे इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ाई है। जिस सफाई से आतंकी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, इसके लिए उपयुक्त स्थान और समय को चुना जा रहा है, वारदात के बाद आतंकवादी मौके से सुरक्षित निकल जा रहे हैं, यह सब बगैर स्थानीय समर्थन के संभव नहीं है। जाहिर है, इस बीच आतंकियों का एक लोकल सपोर्ट नेटवर्क खड़ा हो गया है।

आतंकी हरकतों में हुए इस इजाफे को खुफिया सूत्रों से मिली इस सूचना से अलग करके नहीं देखा जा सकता कि करीब दो महीने पहले ही सीमा पार से बड़ी संख्या में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई गई है। हालिया आतंकी घटनाओं पर बारीकी से गौर करें तो साफ हो जाता है कि प्लानिंग से लेकर इम्प्लीमेंटेशन तक पूरी प्रक्रिया अच्छी तरह प्रशिक्षित लोगों द्वारा अंजाम दी जा रही है।

इस संदर्भ में देखें तो साफ है कि सीमा पार बैठे आकाओं का मकसद इन आतंकी वारदात के जरिए जम्मू कश्मीर में अशांति का संदेश देना और जैसे भी संभव हो जम्मू कश्मीर में आगामी चुनावों की प्रक्रिया को मुल्तवी कराना हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनावों में हुए 58.6% मतदान ने निश्चित रूप से आतंकवादियों के आकाओं को परेशान किया होगा, जो पिछले 35 वर्षों का जम्मू कश्मीर का सबसे ऊंचा मत प्रतिशत है।

ऐसे में इन आतंकवादी घटनाओं पर काबू पाना तो महत्वपूर्ण है ही, लेकिन सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकी तत्वों के मंसूबे पूरे न हों। चुनाव हर हाल में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई 30 सितंबर की समय सीमा के अंदर संपन्न किए जाएं और जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा भी जल्द से जल्द दिया जाए। आखिर आतंकवाद की जड़ में मट्ठा डालने का एक प्रभावी तरीका निर्णय प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी है।

# 55 रुपए के एनर्जी शेयर पर टूट पड़े निवेशक

## 92 लाख शेयरों की हुई डील



नई दिल्ली। सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार को ब्लॉक डील के चलते फोकस में हैं। कंपनी के शेयर इंट्रा डे में 1.4% चढ़कर 55.40 रुपये पर पहुंच गए थे। ब्लॉक डील में स्टॉक लगभग 92 लाख शेयर या कंपनी की कुल इक्विटी का 0.08% कई बड़े ट्रेडों में बदले गए। कुल ट्रांजेक्शन 50 करोड़ का बताया जा रहा है।

इधर, सुजलॉन एनर्जी ने सोमवार को बाजार बंद होने के बाद तिमाही नतीजों की तारीख की घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 22 जुलाई, सोमवार को अपने नतीजों की घोषणा करेगी।

### सुजलॉन एनर्जी का टारगेट प्राइस

घरेलू ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल ने सुजलॉन एनर्जी पर 54 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ 'बाय' की रेटिंग दी है, जो पहले ही पूरा हो चुका है। जेएम फाइनेंशियल का मानना है कि डब्ल्यूटीजी की कम कमीशनिंग के बावजूद अधिक डिस्पैच के कारण सुजलॉन एनर्जी का नेट रेवेन्यू सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 1,832.1 करोड़ हो जाएगा। तिमाही के लिए एबिटा 38 फीसदी बढ़कर 239.2 करोड़ रुपये हो सकता है और एबिटा मार्जिन 13.1 फीसदी तक गिर सकता है। PAT सालाना आधार पर 61 फीसदी बढ़कर 162.2 करोड़ रुपये हो सकता है।

# सोने की कीमतें आसमान पर, शादियों का सीजन खत्म होते ही क्यों उछला भाव



नई दिल्ली। शादियों का सीजन खत्म होते ही सोने-चांदी के भाव आसमान छूने लगे। सराफा मार्केट में आज 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 73000 रुपये प्रति 10 ग्राम को भी पार कर गई। जबकि, चांदी के भाव थोड़ा नरम होकर 91802 रुपये पर खुला। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक 24 कैरेट गोल्ड का भाव आज पिछले बंद 72932 रुपये प्रति 10 ग्राम से 199 रुपये महंगा होकर 73131 रुपये पर पहुंच गया है। 23 कैरेट गोल्ड का भाव भी 198 रुपये उछलकर 72838 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

22 कैरेट गोल्ड की कीमत भी अब 182 रुपये ऊपर 66988 और 18 कैरेट गोल्ड 149 रुपये महंगा होकर 54848 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। 14 कैरेट गोल्ड का भाव भी 117 रुपये चढ़कर 42782 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चला गया है। चांदी में 33 रुपये की गिरावट है।

**क्यों बढ़ रही कीमत**

ब्लूमबर्ग के मुताबिक फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने दोहराया कि हाल के आंकड़ों से हम मुद्रास्फीति लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इस साल केंद्रीय बैंकों की ओर से की गई खरीद से भी कीमतों को लाभ मिला है। सिटी सिटी के विश्लेषकों के अनुसार, वित्तीय प्रवाह में उल्लेखनीय विस्तार के कारण सोने की कीमतें संभावित रूप से 3,000 डॉलर प्रति औंस तक बढ़ सकती हैं।

क्योंकि, कमजोर होते अमेरिकी श्रम बाजार, अवस्फीति और जून में नरम उढकप्रिंट से आगामी जुलाई ऋक्षटउ बैठक में फेडरल रिजर्व के डोविश पिवट को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इससे साल के अंत में सोने और चांदी के लिए तेजी के प्रभाव हो सकते हैं, साथ ही बेस मेटल्स के लिए भी सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद है। डिस्क्लेमरः सोने-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगे हैं। हो सकता है आपके शहर में सोने-चांदी के भाव में 1000 से 2000 का अंतर आ रहा हो।

# अदाणी ग्रीन की नवाचारी परियोजनाओं की मदद से शून्य-उत्सर्जन की तरफ बढ़ रहा भारत : अमेरिकी राजदूत गार्सेटी

अहमदाबाद। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के खावड़ा में अदाणी समूह के नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र का उनका दौरा एक सीखने वाला अनुभव रहा कि किस तरह कंपनी शून्य-उत्सर्जन की तरफ भारत की यात्रा में मदद कर रही है। अदाणी समूह गुजरात के कच्छ स्थित खावड़ा में परती जमीन पर दुनिया की सबसे बड़ी 30 हजार मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना का विकास कर रही है। कुल 538 वर्ग किलोमीटर में बनने वाली यह परियोजना क्षेत्रफल के मामले में पेरिस की तुलना में पांच गुना और मुंबई शहर के लगभग बराबर है। गासेर्टी ने एक्स पर लिखा, गुजरात में खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के दौरे से में प्रेरित हूं, जहां मैंने शून्य-उत्सर्जन लक्ष्य की तरफ भारत की यात्रा में मदद कर रही अदाणी ग्रीन की परियोजनाओं के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा पर्यावरण के क्षेत्र में नेतृत्व की आधारशिला है। गासेर्टी ने कहा, इस क्षेत्र तथा दुनिया के स्वच्छ एवं हरित भविष्य के लिए समाधानों को आकार देने में हमारी द्विपक्षीय भागीदारी महत्वपूर्ण है। भूमि पूजन के महज 12 महीने के भीतर खावड़ा स्थित दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र में पहले दो गीगावाट का कमीशन होना अपने-आप में रिकॉर्ड है। नवीकरणीय ऊर्जा में विकास की संभावनाओं को देखते हुए।



# देखता हूं क्या वो सच में चली गई

प्रस्तुति करंट क्राइम

**नरेंद्र राठी**
(कवि गाजियाबादी)



देखता हूं क्या वो सच मे चली गई,
गूंज रही पाजेब की झंकार,
चारों तरफ बिखरा प्यार,
वो बदली-सी बलखाती,
फिर प्रेम की बौछार बरसाती,
उसमें मुझको रंगती,
वो खुद भी रंगी गई।

देखता हूं क्या वो सच में चली गई...
वो सर्दी की ठिठुरन छोड़ गई,
सारे प्यार की तड़पन छोड़ गई,
छोड़ गई वो लेती अंगड़ाई,
रात की वो तन्हाई छोड़ गई,
बगीचे के फूल मुरझा गये,
टूटकर प्यारी-सी कली गई।

देखता हूं क्या वो सच में चली गई...
दिल में उसका प्यारा-सा अहसास,
वो थी तो स्वर्ग था मेरे पास,
उसके हंसने का अंदाज,
वो सब मेरे उसके राज,
प्यार में ठग लिया,
या खुद ही ठगी गई,
देखता हूं क्या वो सच में चली गई....



# राशिफल

**मेष :** आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपके वरिष्ठ सहयोगी आपको पूरा सहयोग देंगे। आपके कई लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रहेंगे।

**वृष :** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपके जीवन में कोई नया प्रेम प्रसंग शुरू हो सकता है। आपको शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आज डर लगेगा। लेकिन आपका डर बेवजह होगा। इसलिए इसकी चिंता न करें और खुद को शांत रखें। व्यापार यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क :** संतान से सहयोग मिलने के योग हैं। धन या रोजगार से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिलने के भी योग बन रहे हैं।

**सिंह :** आप एक महत्वाकांक्षी योजना में प्रवेश कर सकते हैं। यदि आप साझेदारी या संघ में प्रवेश करना चाहते हैं, तो सकारात्मक विकास संभव है।

**कन्या :** आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का कॉल आ सकता है।

**तुला :** प्रौद्योगिकी और साहित्य के क्षेत्र में एक नई पहचान बनेगी। मतलब स्रोत उन्नत रहेंगे। आज आपके दिल और दिमाग में रोमांस बना रहेगा।

**वृश्चिक :** एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे। करियर के लिहाज से दिन यादगार है।

**धनु :** आज अति आशावादी न हों और बहुत सतर्क रहने की कोशिश करें। तीव्र प्रगति के बावजूद, धीरे-धीरे आगे बढ़ने व व्यवस्थित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है।

**मकर :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यदि आप कोई बड़ा व्यापारिक सौदा करने जा रहे हैं तो आपको बहुत सोच समझकर निर्णय लेने की जरूरत है।

**कुंभ :** आज आपको परिवार से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। कुछ घरेलू उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं। उलझन को सुलझाए, नहीं तो उलझन हो सकती है।

**मीन :** भाग्य आपका साथ दे सकता है। आज के हालात और जिन लोगों से आप मिलते हैं, वे आपको कुछ नया करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

# चुटकुले

माँ गुस्से में अपने बेटे से : तू बाल क्यूं नहीं कटवाता है?
वेटा : क्या प्रोब्लम है माँ, ये आजकल का फैशन है।
माँ गुस्से में : आग लगे इस फैशन को, लड़के वाले तेरी बहन को देखने आये थे तुझे पसंद करके चले गए।

---

पप्पू- पापा मुझे डीजे खरीदकर दो।
पापा- नहीं दूंगा तू लोगो को तंग करेगा।
पप्पू- नहीं पापा, मैं किसी को तंग नही करूँगा जब सब सो जायेंगे तभी बजाया करूँगा।

---

मास्टर पप्पू से :- एक तरफ पैसा, दुसरी तरफ अक्कल, तो तुम क्या चुनोगे ?
पप्पू : पैसा
मास्टर :- गलत, मै होता तो में अक्ल चुनता
पप्पू :- आप सही कह रहे हो सर,
जिसके पास जिस चीज की कमी होती है वो वही तो चुनेगा।

# रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला पौधारोपण समिति की मासिक बैठक आयोजित

## फलदार, छायादार एवं शोभाकार पौधों का करें पौधारोपण : डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

### बृहद पौधारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अन्तर्गत करेंगे: प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने समस्त विभागों को विभागवार वृक्षारोपण के संशोधित लक्ष्य से अवगत कराया और समस्त विभागों को अतिरिक्त पौधे उगाने का कार्य 24 घण्टे में पूर्ण कराकर वन विभाग को अवगत कराने का निर्देश दिया। सभी विभागों को पौधों की जीवितता सुनिश्चित करने हेतु समस्त सार्थक प्रयास एवं साथ ही जो विभाग मार्गों के किनारे वृक्षारोपण कर रहे हैं उन्हें अधिक से अधिक ट्री गार्ड की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वह 20 जुलाई 2024 को वृहद वृक्षारोपण में अपने वृक्षारोपण स्थलों में जन प्रतिनिधियों, क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति, सेवाओं से रिटायर्ड गणमान्यों की भागीदारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि फलदार, छायादार एवं शोभाकार पौधों का वृक्षारोपण करें।

एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ.सलोनी, डॉ.अनुज सिह नगर निगम, डॉ.एसपी पाण्डेय, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों व नामित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग ईशा तिवारी, एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ.सलोनी, डॉ.अनुज सिह नगर निगम, डॉ.एसपी पाण्डेय, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों व नामित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### एक दिन में किया जाना है 12,55,315 पौधों का वृक्षारोपण

**करंट क्राइम।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग ने कहा कि 20 जुलाई 2024 को एक ही दिन जनपद में कुल 12,55,315 पौधों का वृक्षारोपण किया जाना है। कहा कि प्रत्येक विभाग जिन स्थलों पर जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर रहे हैं, उसकी सूचना प्रभागीय कार्यालय में कन्ट्रोल रूम प्रभारी को उपलब्ध करायें। नामित सदस्यों को अवगत कराया कि इस वर्ष वृक्षारोपण सत्र में सभी विभागों द्वारा होने वाले पौधरोपण को अपनी मां के नाम समर्पित करना है। अत: सभी विभागों 20 जुलाई 2024 को वृहद वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अन्तर्गत करेंगे। साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरीतिमा एप के माध्यम से वृक्षारोपण के पश्चात जिओ टैगिंग करना सुनिश्चित करेंगे।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए लाखों रुपये

**हापुड़।** जिले में साइबर ठगों ने अपना ठिकाना बना लिया है यहां आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बनाया जा रहा है। अब शहर के रहने वाले एक व्यक्ति के खाते से 2 लाख 72, 245 रुपये खाते से साइबर ठगों ने चंद सैकेंड में उड़ा दिए। पीड़ित को जब मामले की जानकारी हुई तो वह थाने पहुंचा और मामले में कार्रवाई की मांग की। मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, नगर कोतवाली क्षेत्र के देवलोक कॉलोनी निवासी कपिल शर्मा ने साइबर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल पर साइबर ठग ने उन्हें बताया कि उसके व्हाट्सप्प (हँ३२स्त्रस्त्र) पर एक लिंक भेजा गया है, उस पर क्लिक कर क्रेडिट कार्ड एप को इंस्टोल कर लें। यदि अंतिम तिथि पर क्रेडिट कार्ड एप इंस्टोल कर लेते हैं, तो कोई चार्ज नहीं देने होंगे। पीड़ित ने उसकी बातों में आकर एप इंस्टोल कर लिया। जैसे ही एप इंस्टोल किया तो आरोपी ने फोन हैक कर लिया और उसके क्रेडिट और डेबिट कार्ड से करीब 2,72,245 रुपये से निकाल लिए।

# बाग में पेड़ पर लड़कता मिला युवक का शव

## हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**हापुड।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव महमूदपुर के जंगल के आम के बाग में पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने पर हड़कंप मच गया। शव की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। मामले की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुलंदशहर जिले के थाना गुलावठी क्षेत्र के रामनगर के 26 वर्षीय विनोद नें गांव महमूदपुर के जंगल में एक व्यक्ति का आम का बाग ठेके पर लिया हुआ था। मंगलवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने सूरज का शव आम बाग में पेड़ से लटका देखा। शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और शिनाख्त के बाद मृतक के परिजन को सूचना दी। मामले की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे।



### पुलिस का बयान

थाना हाफिजपुर प्रभारी आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरज के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि सूरज का सोमवार को परिवार के सदस्यों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद वह घर से बाग में आ गया था। आशंका है कि पारिवारिक कलह के चलते उसने आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# कूड़े की दुर्गंध के चलते कांवड़ सेवा शिविर पाइप लाइन मार्ग पर नहीं लगाया जाएगा

## कूड़े का पहाड़ जल्द से जल्द हटाया जाए : ग्रामीण



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में पाइपलाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास डाले जा रहे गाजियाबाद के कूड़े का विरोध एक बार फिर से शुरू हो गया। इसके विरोध में गांव मकरेड़ा में लगने वाले कांवड़ सेवा शिविर नहीं लगाने का फैसला किया। ग्रामीणों का कहना है कि कूड़े का पहाड़ जल्द से जल्द हटाया जाए। ग्रामीणों ने इसको लेकर पाइप लाइन मार्ग पर जगह-जगह होर्डिंग्स सूचना बोर्ड लगा दिए हैं। गाजियाबाद शहर का कूड़ा काफी समय से पाइप लाइन मार्ग पर गांव भिक्कनपुर के पास डाला जा रहा है। अब कूड़े का बड़ा पहाड़ बन गया है। कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिए ग्रामीणों ने पिछले दिनों आंदोलन चलाया था। उस समय एक साल में कूड़े का पहाड़ हटाने की बात कहीं गई थी।

### गांवों के लोग दुर्गन्ध में जीने को मजबूर

**करंट क्राइम।** ग्रामीणों का कहना है कि डम्पिंग ग्राउंड से वायु व जल प्रदूषित हो रहा है। तीन दर्जन से अधिक गांवों के लोग दुर्गन्ध में जीने को मजबूर हैं। सलेक भइया ने बताया कि काफी समय से गांव मकरेड़ा के सामने कांवड़ सेवा शिविर लगाया जाता था। लेकिन इस बार कूड़े की दुर्गंध के चलते कांवड़ सेवा शिविर नहीं लगाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि डंपिंग ग्राउंड हटाने तक कांवड़ सेवा शिविर नहीं लगाया जाएगा। इससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कूड़े का पहाड़ नहीं हटाया गया तो फिर से आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें वेटलिफ्टिंग और योगासन प्रतियोगिता भी होगी। यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय है। मंगलवार को डीसीपी लाइन विवेक चंद्र यादव ने इस मोके पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इसका विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों और टीम को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस मौके पर एसीपी लाइन अभिषेक श्रीवास्तव व पुलिस के आलाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कोर्ट से प्रतिबंधित सैकडों करोड रुपए की भूमि को बेच रहे भूमाफियां

**लोनी करंट क्राइम।** लोनी में भूमाफियाओं का आतंक बढता जा रहा है। भूमाफियां एक कम्पनी की सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित करीब 900 बीघा भूमि को सरेआम बेच रहे हैं। पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। आरोप है कि इस भूमि पर रोंहिग्या और बांग्लादेशी बसाए जा रहे हैं। एक भाजपा नेता ने एसडीएम से मामले की शिकायती की है। एक भाजपा नेता ने बताया कि लोनी थाना क्षेत्र में बंथला चिरोडी मार्ग पर सिकरानी गांव के सामने पीजीएफ लिमिटेड और पीएसीएल लिमिटेड कम्पनी की करीब 900 बीघा भूमि है। जिसकी कीमत कई सौ करोड रुपए है। कम्पनी मालिक सरदार भंगू सिंह अरबो रुपए के घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं। जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट ने उक्त भूमि की खरीद फरोख्त पर प्रतिबंध लगाया हुआ है।

आरोप है कि इस भूमि को कुछ भूमाफिया फर्जी कागजात के आधार पर बेच रहे है तथा प्रतिबंधित होने के बाद भी रजिस्ट्री करा रहे हैं। भाजपा नेता ने भूमि पर रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को बसाने का आरोप लगाया है। सवाल यह उठता है कि सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के बाद भी भूमाफिया कैसे भूमि को बेच रहे है तथा रजिस्ट्रार ऑफिस में कैसे रजिस्ट्री भी करा रहे हैं? क्षेत्रवासियों की माने तो इस खेल में कई सफेदपोश शामिल हैं।

# वार्ड 83 में 2100 पौधे रोपे जायेगे: कविता प्रवीण भाटी

## पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोदीनगर। वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पार्षद कविता प्रवीण भाटी के नेतृत्व में वार्ड 83 के सभी पार्कों व ग्रीन बेल्ट पर 20 जुलाई तक 2100 पौधे रोपे जायेगे जिसकी शुरूआत 1 जुलाई से वार्ड के विभिन्न पार्कों में कर दी है।

पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र के पार्कों में जामुन, इमली, आंवला, अमरूद, नीम, अर्जुन, सीसम और अशोक समेत विभिन्न प्रजातियों के 156 पौधे लगाए। उनकी देखरेख और आमजन को जागरूक करने की शपथ ली। उन्होंने ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से वर्तमान समय अनुकूल है। इन दिनों में जमीन कोमल होती है और पौधे भी अच्छे से पनपते हैं। वही लोगों को पौधरोपण के लाभ गिनाए। अभी तक 700 के करीब वार्ड में लगा चुके है।

## करूँगा प्रयास कार्यकारिणी सदस्य बनने के लिए: मदन राय



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने कहा कि 19 जुलाई को नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव होने जा रहा है। मैं महापौर व पार्टी संगठन के सहयोग से निगम कार्यकारिणी का सदस्य के लिए चुनाव में दावेदारी कर रहा हु। उन्होंने कहा कि यदि मैं कार्यकारिणी सदस्य बनता हु तो क्षेत्र के विकास के लिए पूरा सहयोग रहेगा, वार्ड 86 की जनता ने मुझे पार्षद के रूप में चुना है। मेरा प्रयास यह रहेगा कि कार्यकारिणी का सदस्य बनकर वार्ड को एक आदर्श वार्ड बनाऊ।




# 2015 बैच को है नए आदेश का वेट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा के बाद 2015 बैच को लेकर आदेश आ सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद से लगभग 188 के आसपास ऐसे टू-स्टार ऐसे हैं जो गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट और मेरठ जोन में भेजे जाने हैं। इसमें से कई टू-स्टार ऐसे हैं जो प्रमुख चौकी और थानों के वर्तमान में प्रभार भी संभाल रहे हैं। टू- स्टारों का यह आदेश 30 जून को ही आ गया था लेकिन 17 दिन बीत जाने के बाद भी अभी सस्पेंस बना हुआ है कि 2015 बैच के नए आदेश कब तक आएंगे और उनको क्या करना होगा। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि यह आदेश कांवड़ यात्रा के बाद जारी किए जा सकते हैं। इसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम से बड़ी संख्या में रवानगी होगी। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि 2015 बैच के बड़ी संख्या में यहां से जो टू-स्टारों के जाने का असर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की पुलिसिंग पर भी पढ़ सकता है। वहीं पुलिस कमिश्नरट वाले सिस्टम में वर्तमान में तमाम ऐसी संवेदनशील चौकियां और कई थानों के अध्यक्ष भी 2015 बैच वाले ही हैं। इसके साथ ही खास कार्यालय से लेकर कई अधिकारियों के पीआरओ भी 2015 बैच वाले ही हैं। देखना होगा पुलिस कमिश्नरेट में 2015 बैच को लेकर नया आदेश कब आता है और कब तक इन टू-स्टार की लंबी खेप को वेट एंड वॉच वाली स्थिति में रहना पड़ता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की कांवड़ यात्रा के बाद जब अन्य जनपदों और कमिश्नरेट से जब यहां पर टू-स्टार के आने का सिलसिला शुरू होगा, तो ही पुलिस कमिश्नरेट से रावानगी का कार्यक्रम भी आगे बढ़ाया जाएगा। वैसे बीते कुछ दिनों में जो लखनऊ में माहौल चल रहा है और बीच-बीच में छोटी-छोटी तबादला लिस्टों का दौर चल रहा है उसे देखकर लग रहा है कि आने वाले दिनों में कई स्तर की नई सूचनाएं सुनने में आ सकती हैं। उधर लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं की कांवड़ यात्रा के बाद कई तरीके के बदलाव सामने आने की प्रबल संभावना लगातार बनी हुई है। वहीं सुनने में आया है कि अगर 2015 बैच को एक साथ ही रवाना किया गया तो इसका असर भी दिखेगा। विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे 2015 बैच की वर्किंग कई स्थानों के क्राइम ग्राफ पर भी असर डालने वाला हो सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा 2015 बैच को नया आदेश कब मिलता है।




# बोर्ड बैठक में 50 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव हुए पास

## दिल्ली मेरठ मार्ग पर सरकारी भूमि पर बनाई जाएगी मार्किट

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद स्थित सभागार में मंगलवार को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के विकास के लिए 50 करोड के विकास कार्य के प्रस्ताव पास किए गए। सभासदों ने शहर में साफ सफाई ना होने का मुद्दा उठाया। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक की अध्यक्षता अध्यक्षा छम्मी चौधरी व संचालन अधिशासी अधिकारी डॉ.शैलेन्द्र कुमार ने किया।

बोर्ड बैठक शुरु होते ही सभासदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और नगर में विकास कार्य ना होने का आरोप लगाया। सभासदों का आरोप है कि शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। बारिश का मौसम शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक नालों की सफाई शुरू नहीं हुई है। पालिका अध्यक्षा व अधिशासी अधिकारी ने सभासदों को शांत कराया। अधिशासी अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि बोर्ड बैठक में 50 करोड़ से अधिक के विकास कार्य के प्रस्ताव पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर हाईमास्क लाइट लगाई जाएगी।

### बढ़ा हुआ हाउस टैक्स काफी महंगा : मनोज सहरावत

डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई सरकारी भूमि पर चारदीवारी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर उसका कंट्रोल नगर पालिका परिषद कार्यालय में बनाया जाएगा। सभासद मनोज सहरावत ने नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए हाउस टैक्स को कम करने की मांग की। उनका कहना है कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स काफी महंगा और आम जनता इसका वहन नहीं कर पाएगी।

नगर पालिका परिषद की विस्तार में बड़े हुए क्षेत्र में पात्रता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे। दिल्ली मेरठ मार्ग पर काइट कॉलेज के सामने नगर पालिका परिषद की सरकारी भूमि पर मार्केट बनाई जाएगी। नालों की सफाई कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्गो से अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। इस मौके पर सभासद सोनू त्यागी, कृष्णा, कमालूद्दीन मालू, नितिन कुमार, दीपक शर्मा, अंशुल रस्तोगी, शिवा चौधरी, जुनैद, फारूक कुरैशी लोकेश जाटव, अशोक प्रजापति, पिंकी गोस्वामी, हजन मुस्तफाई, समीम सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

## फैक्टरी से लाखों की कीमत का कपड़ा चोरी

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की गुड़मंडी कॉलोनी में सोमवार रात को पावरलूम फैक्टरी का दरवाजा खोलकर चोर लाखों का कपड़ा चोरी करके ले गए। पीड़ित ने इस मामले में तहरीर दी है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की पुरानी गुड़ मंडी कॉलोनी निवासी व्यापारी बालकिशन जिंदल परिवार सहित रहते हैं। उनकी पावरलूम फैक्टरी है। नीचे फैक्टरी है और ऊपर उनका मकान है। सोमवार रात को बालकिशन जिंदल अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए परिवार सहित मेरठ गए हुए थे।

मंगलवार सुबह जब वह वापस आए तो पावरलूम फैक्टरी का दरवजा खुला हुआ था और अंदर से कपड़ा गायब था। पीड़ित ने बताया कि बदमाश लाखों रुपए की कीमत का कपड़ा चोरी करके ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

## जीएचबी फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्रदेव सिंह के कांवड़िया सुरक्षा उपायों को सराहा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को सनराइज होटल कौशांबी में एसीपी, इंदिरापुरम स्वतंत्रदेव सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने आगामी महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले कांवड़िया सेवा शिविर के आयोजकों एवं क्षेत्रीय निगम पार्षदों के साथ कांवरियों की सुरक्षा हेतु विचार विमर्श किया। इस मौके पर जीएचबी फाउंडेशन के अध्यक्ष और गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि पिछले 36 वर्षों से वह 299/2, लिंक रोड, निकट सुपरटेक, प्रह्लादगढ़ी, वैशाली पर विशाल शिव कांवड़ सेवा शिविर लगाते आये हैं और इस वर्ष 37वां शिविर लगेगा। हमलोगों को स्थानीय पुलिस एवं सिविल प्रशासन का पूरा सहयोग मिलता आया है और उम्मीद है कि वह जारी रहेगा। इसके लिए हम आयोजक गण आप सबके आभारी हैं और रहेंगे। इससे पहले एसीपी स्वतंत्रदेव सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ियों के सहायतार्थ और सुरक्षार्थ राज्य सरकार से प्राप्त दिशानिदेर्शों के मुताबिक शिविर संचालन करने और एहतियाती उपाय बरतने के सुझाव दिए, जिसको सबने सराहा। वहीं, समस्त आयोजकों और जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने आवश्यक सुझाव दिए।

# टीम मेट बंदरिया कहती थी, बैंक मैनेजर महिला ने सुसाइड किया

## 5 पेज के नोट में लिखा-मरने को मजबूर किया; भाई, मां-पापा को संभालना

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में एक्सिस बैंक की रिलेशनशिप मैनेजर शिवानी त्यागी ने जहर खाकर जान दे दी। 5 पेज का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें शिवानी ने मौत के लिए बैंक के ही तीन कर्मचारियों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया। लिखा- टीम मेट बंदरिया और दिमाग से पैदल कहती हैं। ऑफिस में सबके सामने जलील करती हैं। शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। सुसाइड नोट के आखिरी पन्ने पर शिवानी ने अपने भाई गौरव के लिए लिखा- सबका ख्याल रखना घर में। सबको संभाल लेना। मैं इस दुनिया से जा रही हूं। भाई, तू मम्मी जी, पापा जी और दीदी को संभाल लेना। शिवानी त्यागी (27) गाजियाबाद में नंदग्राम क्षेत्र के घूकना गांव की रहने वाली थी। 12 जुलाई की शाम 4 बजे शिवानी ने घर में जहर खाया। गंभीर हालत में उनको दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली के गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 13 जुलाई की रात मौत हो गई। सुसाइड नोट और परिवार की तहरीर के आधार पर 14 जुलाई की रात पुलिस ने बैंक सहकर्मी ज्योति चौहान, मोहम्मद अकरम और नजमुश शाकिब आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मैंने कई बार कंप्लेंट की, लेकिन किसी ने नहीं सुनी मैं शिवानी त्यागी एक्सिस हाउस में जॉब करती हूं। 21 अक्टूबर, 2023 को जॉब जॉइन किया था। मेरी टीम मेट ज्योति चौहान मुझे मेंटली टॉर्चर कर रही है। पांच-छह महीने से सुपरवाइजर मोहम्मद अकरम को सब कुछ पता है। मैंने बहुत बार कंप्लेंट की। कई बार उससे सुपरवाइजर के सामने लड़ाइयां हुईं। कभी बंदरिया, तो कभी दिमाग से पैदल कहती है। हर वक्त मेरा मजाक बनाती है। सुपरवाइजर भी मजाक में शामिल होते हैं। मेरे हाथ कांपते हैं तो उसका भी मजाक बनाया जाता है। मैंने ऑफिस में सबसे शिकायत की, लेकिन किसी ने नहीं सुनी।



### ऐसी पनिसमेंट दी जाए कि ये किसी और की जिंदगी न छीन सकें

मैं अगर कोई गलत स्टेप लेती हूं तो उसके जिम्मेदार ज्योति चौहान, गिरजा देवी, मोहम्मद अकरम, नजमुश शाकिब, योगेश कौशिक और गगन बघेल होंगे। अब इतनी डिस्टर्ब हो गई हूं कि मैं यहीं पर अपनी लाइफ स्टॉप कर रही हूं। जैसा मेरे साथ हुआ, वो किसी और के साथ नहीं होना चाहिए। मुझे इन सभी ने मरने के लिए मजबूर किया। मैं चाहती हूं कि अगर कानून सच्चा है तो इन सबको ऐसी पनिशमेंट मिले, जिससे दोबारा किसी और की जिंदगी न छीन सकें। ज्योति और अकरम को उम्र भर जेल में रखना चाहिए। जय श्री श्याम सभी को।

### भाई को बताए बैंक-मोबाइल के पासवर्ड

लास्ट पेज में ज्योति ने अपने भाई को खुद के मोबाइल, बैंक खाते के पासवर्ड बताए। इंडियन बैंक में जमा एक एफडी के बारे में भी बताया। लिखा- सबका ख्याल रखना। सबको संभाल लेना। मैं इस दुनिया से जा रही हूं। भाई तू मम्मी और पापा और दीदी को संभाल लेना। मेरी साइड से बच्चों को बहुत सारा प्यार करना। आपसे एक रिक्वेस्ट है, मेरे जाने के बाद गुनहगारों सजा जरूर दिलाना। बाय-बाय...।

# विदेश मंत्री जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, कहा- भारत कभी साथ नहीं छोड़ेगा



**मॉरीशस।** भारत-मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मंगलवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे। यहां उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत प्रगति और समृद्धि के लिए मॉरीशस का लगातार समर्थन करेगा। उसका साथ कभी नहीं छोड़ेगा। इससे पहले मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीश गोबिन ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

यहां एक कार्यक्रम में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ के साथ भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 12 विकास परियोजनाओं, शिक्षा, संस्कृति और अभिलेखागार के डिजिटलीकरण के उद्घाटन के साथ विभिन्न एमओयू साइन किए। इसके अलावा उन्होंने भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई कार्ड भी सौंपे। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के मॉरीशस के साथ मजबूत संबंध हैं। मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय संबंध विदेश में भारत के विकास और सहयोग के लिए आदर्श हैं।

वहीं मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन ने पोस्ट किया कि मॉरीशस को लगातार समर्थन देने और चागोस द्वीप को लेकर उपनिवेशवाद, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता को लेकर पहल करने पर भारत और डॉ. एस जयशंकर के प्रति कृतज्ञता जताते हैं। उन्होंने लिखा कि आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है। भारत और एस जयशंकर के हमारे प्रति समर्थन और प्रतिबद्धता जताने पर आभार।

इससे पहले मॉरीशस पहुंचने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर फोटो के साथ पोस्ट किया 'नमस्ते मॉरीशस! स्वागत के लिए विदेश मंत्री मनीश गोबिन का धन्यवाद।' वहीं गोबिन ने उनकी पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा कि जयशंकर की यात्रा दो देशों के बीच मजबूत और स्थायी संबंध को दर्शाती है। दोनों देश मिलकर अपने संबंध को मजबूत करने और सहयोग के बेहतर रास्ते तलाशेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के मध्य विभिन्न पहलुओं को जानने और संबंधों को बरकरार रखने का मौका है। यात्रा बहुआयामी द्विपक्षीय संबंध और लोगों के साथ संबंध गहरा करने पर जोर देगी। बता दें कि हाल ही में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था। वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के बाद पहली बार मॉरीशस गए हैं। इससे पहले वह फरवरी 2021 में मॉरीशस गए थे।

### भारत ने हमेशा की है मॉरीशस की मदद

भारत–मॉरीशस के बीच हमेशा से संबंध मजबूत रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि मॉरीशस की कुल जनसंख्या 1.2 मिलियन में 70 फीसदी भारतीय मूल के लोग हैं। जबकि 28 फीसदी लोग क्रियोल और तीन फीसदी लोग चीन मॉरीशियन और एक फीसदी लोग फ्रैंको मॉरीशियन हैं। भारत ने हमेशा से संकट के समय मॉरीशस की सबसे पहले सहायता की है। कोविड–19 और तेल रिसाव संकट के दौरान भारत मॉरीशस का सबसे बड़ा मददगार रहा था। अप्रैल–मई 2020 में महामारी से निपटने के लिए मॉरीशस सरकार के अनुरोध पर भारत ने 13 टन दवाओं, 10 टन आयुर्वेदिक दवाओं और एक भारतीय रैपिड रिस्पांस मेडिकल टीम मॉरीशस भेजी थी।



# संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**संरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित कर सकते हैं। सोमवार को जारी की गई सूची के मुताबिक कि भारत के पीएम मोदी 26 सितंबर की दोपहर में सभा को संबोधित कर सकते हैं।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय चर्चा 24 सितंबर से शुरू होगी**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की उच्च स्तरीय चर्चा 24 सितंबर से शुरू होगी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमवार को जारी वक्ताओं की सूची के अनुसार, भारत के राष्ट्राध्यक्ष 26 सितंबर को संबोधित करेंगे। बता दें, पिछले महीने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले मोदी इससे पहले सितंबर 2021 में वार्षिक उच्च स्तरीय यूएनजीए सत्र को संबोधित कर चुके हैं। गौरतलब है, यह अंतिम सूची नहीं है। संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय सत्र से पहले के सप्ताहों में वक्ताओं की अद्यतन अनंतिम सूची जारी करता है, ताकि नेताओं, मंत्रियों और राजदूतों की उपस्थिति, कार्यक्रम और उनके बोलने के समय में हुए हर प्रकार के बदलाव की जानकारी दी जा सके।

### इतने दिन चलेगी आम चर्चा

आम चर्चा 24 सितंबर को शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेगी। सूची के मुताबिक ब्राजील के राष्ट्रपति पहले वक्ता होंगे। पारंपरिक रूप से अमेरिका आम चर्चा के पहले दिन दूसरा वक्ता होता है और ऐसी उम्मीद है कि राष्ट्रपति जो बाइडन पद पर रहते हुए अपना अंतिम संबोधन देंगे। वहीं, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बहस शुरू होने से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिसके बाद महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष सभा को संबोधित करेंगे।

### समिट फॉर फ्यूचर सम्मेलन भी होगा आयोजित

गुटेरेस इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महत्वाकांक्षी समिट फॉर फ्यूचर भी आयोजित कर रहे हैं, जिसके तहत 20-21 सितंबर को कार्यवाही दिवस तथा 22-23 सितंबर को शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। विश्व के नेता भविष्य से जुड़े समझौते को अपनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में एकत्रित होंगे, जिसमें एक वैश्विक डिजिटल समझौता और भविष्य की पीढ़ियों संबंधी घोषणा शामिल होगी।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा, 'यह शिखर सम्मेलन एक उच्च स्तरीय आयोजन है, जो विश्व नेताओं को एक साथ लाकर इस बारे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहमति बनाने का काम करेगा कि हम कैसे वर्तमान को बेहतर कर सकते हैं और कैसे भविष्य की सुरक्षा कर सकते हैं।

# संयुक्त राष्ट्र में बोले नीति आयोग के उपाध्यक्ष 'भारत सतत विकास लक्ष्यों को 2030 तक कर लेगा हासिल'

**संरा।** सतत विकास पर उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएफ) की जनरल डिबेट में मंगलवार को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के बेरी ने भाग लिया। उस दौरान उन्होंने भारत की सराहना की। कहा कि भारत अपने प्रयासों के जरिये सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रहा है।

**भारत 2030 की समय-सीमा से काफी पहले ही लक्ष्य 1.2 को हासिल करने की राह पर भारत**



### यह है मंच का लक्ष्य

बता दें, सुमन बेरी आर्थिक तथा सामाजिक परिषद के तत्वावधान में आठ जुलाई से 17 जुलाई तक संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित सतत विकास पर उच्च स्तरीय राजनीतिक फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसका विषय 2030 एजेंडा को सुदृढ़ बनाना तथा विभिन्न संकटों के समय में गरीबी उन्मूलनः सतत, लचीले तथा नवीन समाधानों का प्रभावी क्रियान्वयन है।

बेरी ने कहा, 'बहुआयामी गरीबी सूचकांक के संबंध में भारत 2030 की समय-सीमा से काफी पहले ही क्षेत्रीय परिभाषाओं के अनुसार सभी आयु वर्गों के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के गरीबी में रहने के अनुपात को कम से कम आधा करने के लक्ष्य 1.2 को हासिल करने की राह पर है।'

**करोड़ों भारतीय गरीबी से आए बाहर :** उन्होंने कहा कि 2015-16 और 2019-21 के बीच पांच वर्षों में करीब 13.5 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए। उन्होंने आगे कहा कि भारत अपने प्रयासों के जरिये इन सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रहा है। उसने व्यापक स्तर पर भौतिक तथा डिजिटल बुनियादी ढांचे की सफल पेशकश की, धोखाधड़ी को कम करने के लिए डिजिटल के साथ लक्षित सामाजिक राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र कार्यक्रमों, महिलाओं की एजेंसी में सुधार, सबसे कम विकसित प्रशासनिक क्षेत्राधिकारों पर ध्यान देने और प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदाओं के लिए स्थानीय व राष्ट्रीय कार्रवाई को मजबूत करने के जरिये सफलता प्राप्त की है।

**दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम बना :** उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में 52 करोड़ से अधिक भारतीयों को नकद रहित स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है।

भारत ने वैश्विक महामारी के दौरान और उसके बाद के वर्षों में 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त खाद्य आपूर्ति की गारंटी दी है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम बन गया है।

# ओमान की मस्जिद में गोलीबारी, चार की मौत

**मरकट।** ओमान की एक मस्जिद में गोलीबारी की खबर है। इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। घायलों की स्थिति को देखते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ओमान पुलिस ने बताया कि अभी तक हमले के पीछे की वजह का पता नहीं चला है।

**अमेरिका दूतावास ने लोगों से की सावधानी बरतने की अपील :** पुलिस के अनुसार, ओमान की राजधानी मस्कट के नजदीक स्थित अल-वादी अल-कबीर इलाके में स्थित मस्जिद में गोलीबारी हुई। संदिग्ध अपने साथ हथियार लेकर मस्जिद पहुंचा और लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। अरब सागर के पूर्व में स्थित ओमान में इस तरह की हिंसा बेहद दुर्लभ घटना है। अमेरिकी दूतावास ने बयान जारी कर अमेरिकी नागरिकों को उस इलाके से दूर रहने की सलाह दी है। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अमेरिकी नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए, स्थानीय समाचारों पर नजर रखनी चाहिए और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना चाहिए।'

**हमले का फुटेज आया सामने :** हमले का एक फुटेज सामने आया है, जिसमें गोलियों की आवाज के बीच इमाम अली मस्जिद के पास से लोगों को भागते हुए दिखाया गया है। फुटेज में एक आवाज 'या अल्लाह' और 'या हुसैन' सुनी जा सकती है। शिया इस सप्ताह आशूरा मना रहे हैं, जो शोक का वार्षिक दिन है।

# रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारतीय मूल के नेताओं ने छोड़ी छाप, एक सुर में दिया ट्रंप का साथ

**विस्कोंसिन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं हैं। इस बीच रिपब्लिकन पार्टी का राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो गया है। सम्मेलन में डोनाल्ड ट्रंप को पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया जाएगा। अमेरिका में रहने वाले कई भारतीय मूल के लोगों ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और अपनी अलग ही छाप छोड़ी। हाल ही में रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप पर गोली लगने की घटना के बाद सम्मेलन में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

अमेरिका के विस्कोंसिन शहर में चार दिवसीय राष्ट्रीय रिपब्लिकन सम्मेलन चल रहा है। आपको बता दें कि दो दिन पहले ही पैन्सिलवेनिया में एक जनसभा के दौरान एक गोली डोनाल्ड ट्रंप के कान को छूकर चली गई थी। शिखर सम्मेलन में भारतीय अमेरिकी मूल के अब्राहम जॉर्ज ने मंच पर स्पष्ट रूप से ऐलान किया है कि उनके राज्य के सभी प्रतिनिधि ट्रंप के पक्ष में मतदान करेंगे। आपको बता दें कि अब्राहम जॉर्ज को टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है।

### हरमीत ढिल्लों ने मंच पर अरदास (प्रार्थना) की



कैलिफोर्निया से रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) की सदस्य हरमीत ढिल्लों ने सम्मेलन में अरदास (प्रार्थना) की। आपको बता दें कि आरएनसी राष्ट्रीय कमेटी ने राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप के नाम पर मुहर लगाई है। इसके अलावा ओहियो के सीनेटर जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस भी मंच पर आईं। उनमें भी ट्रंप के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जेडी वैंस को उप-राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना गया है। ओहियो राज्य के सीनेटर नीरज अंटानी और डॉ. संपत शिवांगी ने भी भारतीय अमेरिकी प्रतिनिधि के रूप में सम्मेलन में भाग लिया।



**अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं**

**डॉक्टर शिवांगी ने छठी बार रिपब्लिकन सम्मेलन में भाग लिया :** उधर, भारतीय मूल की डॉक्टर शिवांगी ने छठी बार रिपब्लिकन सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने इसे ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन बताया। उन्होंने आगे कहा कि इस बार पूरी पार्टी एकजुट है और ट्रंप के साथ खड़ी है।

इस दौरान ओहियो राज्य के सीनेटर नीरज अंटानी ने कहा, ह्यएक प्रवासी के बेटे के रूप में, हमें एक ऐसे राष्ट्रपति का चुनाव करना चाहिए जो अमेरिकी मूल्यों को बहाल कर सके। मुझे विश्वास है कि डोनाल्ड ट्रंप ऐसे ही उम्मीदवार हैं। मैं ट्रंप के एक प्रतिनिधि के रूप में काम करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।ह्व ट्रंप के विश्वासपात्र कहे जाने वाले काश पटेल के अलावा भारतीय-अमेरिकी कुश देसाई ने भी इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। आपको बता दें कि काश पटेल रिपब्लिकन सम्मेलन के उप संचार निदेशक हैं। इसके अलावा सनी रेड्डी और मिशिगन के वेन स्टेट यूनिवर्सिटी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के उम्मीदवार सैम मैथ्यू ने भी इस सम्मेलन में हिस्सा लिया।

भारतीय-अमेरिकी मूल के हरदम त्रिपाठी ने भी रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। आपको बता दें कि हरदम त्रिपाठी फ्लोरिडा से रिपब्लिकन पार्टी के वैकल्पिक प्रतिनिधि हैं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैन्य छावनी पर आतंकियों का हमला

**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सैन्य छावनी पर सोमवार को 10 आतंकियों द्वारा हमला करने की घटना सामने आई है। इस हमले में पाकिस्तानी सेना के आठ जवान मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने इस बारे में मंगलवार को जानकारी दी। सेना ने यह भी बताया कि जवाबी कार्रवाई में सभी 10 आतंकी भी मारे गए।



**आठ जवान और 10 आतंकी मारे गए**

सेना द्वारा जारी बयान के मुताबिक, सोमवार को आंतकियों के समूह ने बन्नू छावनी में घुसने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने छावनी पर हमला भी कर दिया। सुरक्षा बलों ने आतंकियों को जबदस्त टक्कर देते हुए उनके हमले को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया। इस कार्रवाई में 10 आतंकी और आठ सेना के जवान मारे गए। सेना ने बताया कि आतंकियों ने विस्फोटक से भरे वाहन को छावनी की दीवार टक्कर मारी थी, जिसके कारण दीवार का एक हिस्सा ढह गया। बयान में कहा गया है कि यह हमला हाफिज गुल बहादुर के ग्रुप द्वारा किया गया था, जो अफगानिस्तान से संचालित होता है। सेना ने अफगानिस्तान पर आरोप लगाते हुए कहा कि अफगान अपनी धरती का इस्तेमाल पहले भी पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए करता रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने लगातार अंतरिम अफगान सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को उठाया है। उनसे आतंकवादियों द्वारा अफगान धरती के लगातार उपयोग से इनकार करने और ऐसे तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने को कहा है।

वहीं, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने हमले की निंदा की और कहा कि आतंक के खिलाफ युद्ध में पाकिस्तानी सेना का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। सुरक्षा बलों की समय पर कार्रवाई ने बन्नू छावनी को एक बड़ी तबाही से बचा लिया।

# बाल टीकाकरण कवरेज की रफ्तार में 2023 में आया ठहराव : रिपोर्ट



**संरा :** विश्व भर में बच्चों की प्रतिरक्षण कवरेज वर्ष 2023 में अवरुद्ध हो गई है, जिसके कारण बड़ी संख्या में बच्चे जीवनरक्षा कवच के दायरे से बाहर हो गए हैं। यूएन एजेंसियों के एक नए विश्लेषण के अनुसार, कोविड-19 महामारी से पहले 2019 की तुलना में 27 लाख अतिरिक्त बच्चों का या तो टीकाकरण नहीं हो पाया या फिर उनकी वैक्सीन खुराकें पूरी नहीं हो पाई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने 14 बीमारियों के विरुद्ध टीकाकरण के रुझानों पर अपने नए विश्लेषण में यह निष्कर्ष साझा किया है, जिसके मद्देनजर यूएन एजेंसियों ने हालात में बेहतरी के लिए तत्काल टीकाकरण प्रयासों में तेजी लाने पर बल दिया है।

यूनीसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसैल ने कहा, नवीनमत रुझान दर्शाते हैं कि अनेक देशों में अब भी बहुत से बच्चे छूटते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिरक्षण खाई को पाटने के लिए एक वैश्विक प्रयास की आवश्यकता होगी, जिसमें सरकारों, साझीदारों और स्थानीय नेताओं को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल व सामुदायिक कर्मचारियों में निवेश करना होगा। हर बच्चे को टीकाकरण के दायरे में लाने और स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाने के लिए यह जरूरी है।



यूएन एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में डिप्थीरिया, टिटनेस और पर्टूसिस से बचाव के लिए वैक्सीन की तीन खुराक पाने वाले बच्चों की संख्या 10 करोड़ 80 लाख (84 प्रतिशत) पर अवरुद्ध हो गई। वैश्विक प्रतिरक्षण कवरेज प्रयासों को दर्शाने के लिए ये वैक्सीन एक अहम संकेतक हैं।




जिन बच्चों को वैक्सीन की एक भी खुराक नहीं मिल पाई, उनकी संख्या 2022 में एक करोड़ 39 लाख थी, मगर 2023 में यह बढ़कर एक करोड़ 45 लाख पर पहुंच गई। जिन बच्चों का टीकाकरण नहीं हो पाया है, उनमें से 50 फीसदी से अधिक उन 31 देशों में रहते हैं, जहां हालात नाजुक हैं, हिंसक टकराव से प्रभावित हैं या फिर संवेदनशील हालात से जूझ रहे हैं।

**प्रतिरक्षण खाई को पाटने के लिए एक वैश्विक प्रयास की आवश्यकता**

ऐसे देशों में बच्चों पर ऐसी बीमारियों की चपेट में आने का जोखिम है, जिनकी आसानी से रोकथाम की जा सकती है। मगर, सुरक्षा, पोषण व स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में व्यवधान आने से यह कठिन हो जाता है। इसके अलावा, 65 बच्चों को डीटीपी वैक्सीन की तीसरी खुराक नहीं मिल पाई, जो कि आरंभिक बचपन में बीमारियों से बचाने के लिए आवश्यक है।

ये रुझान दशार्ते हैं कि वैश्विक प्रतिरक्षण कवरेज वर्ष 2022 के बाद से अब तक अवरुद्ध है और 2019 के स्तर तक नहीं लौट पाई है, जिसकी वजह स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान, लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियां, वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट और टीकाकरण में पसरी विषमताएं हैं।

### खसरे का प्रकोप : साढ़े तीन करोड़ बच्चों के पास सुरक्षा कवच उपलब्ध नहीं

विश्लेषण के अनुसार, घातक खसरा बीमारी के विरुद्ध टीकाकरण की दर भी ठहर गई है, और साढ़े तीन करोड़ बच्चों के पास जरूरी सुरक्षा कवच उपलब्ध नहीं है। 2023 में केवल 83 प्रतिशत बच्चों को नियमित स्वास्थ्य सेवाओं के जरिये खसरा की पहली खुराक मिल पाई। वहीं, दूसरी खुराक पाने वाले बच्चों की संख्या में 2022 की तुलना में मामूली वृद्धि हुई और यह 74 प्रतिशत तक पहुंची। खसरा के प्रकोप को टालने, अनावश्यक बीमारियों व मौतों से बचने और खसरा उन्मूलन लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्धारित 95 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज के लक्ष्य से यह कम है। पिछले पांच वर्षों में, 103 देशों में खसरा की बीमारी फैली है। इन देशों में कुल नवजात शिशुओं की तीन–चौथाई आबादी बसती है। वैक्सीन कवरेज का कम होना (80 प्रतिशत या कम) इसकी एक बड़ी वजह थी। इसके विपरीत, जिन 91 देशों में खसरा टीकाकरण की व्यवस्था मजबूत थी, वहाँ इसका प्रकोप देखने को नहीं मिला।

### एचपीवी वैक्सीन कवरेज

नए विश्लेषण में प्रतिरक्षण कवरेज प्रयासों में कुछ मामलों में दर्ज की गई प्रगति को भी रेखांकित किया गया है. इसके अनुसार, अनेक नई वैक्सीन पेश की गई हैं, जिनमें एचपीवी, मेनिनजाइटिस, पोलियो, रोटावायरस समेत अन्य बीमारियो से बचाव के लिए टीके हैं। इनके रक्षा कवच में निरंतर विस्तार हो रहा है, विशेष रूप से गैवी, द वैक्सीन एलायंस द्वारा समर्थित 57 देशों में।

# धूमधाम से मनाई आशु गुप्ता बिंदल श्वेता गुप्ता ने मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर के जाने माने प्रतिष्ठित कारोबारी आशु गुप्ता बिंदल उनकी पत्नी श्वेता गुप्ता बिंदल ने धूमधाम से अपनी मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली मनाई। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 25 वर्ष पूरे हर्ष के साथ पूरे हुए। गुप्ता बिंदल दंपती ने अपने सभी दोस्तों समर्थको शुभचिंतकों को शानदार पार्टी दी। इस अवसर पर सभी परिजनों ने,सभी समर्थको, दोस्तों मित्रों ने आशु गुप्ता बिंदल और श्वेता गुप्ता को बधाई शुभकामनाए दी।

# प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया शाहजहांपुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा

### अधिकारियों को दिए निर्देश नहीं बरती जाए लापरवाही



**शाहजहांपुर(करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जनपद शाहजहांपुर नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को शाहजहांपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बरेली मोड, जिला सरकारी अस्पताल और गांव में ऐसे स्थान का निरीक्षण किया जहां बाढ़ से प्रभावित परिजन रह रहे थे।

बाढ़ प्रभावित परिजनों को उन्होंने राहत सहायता सामग्री वितरण की। साथ ही स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया है की बाढ़ को देखते हुए हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि बाढ़ पीड़ितों को तत्काल मदद पहुंचाई जाए। इस दौरान प्रभारी मंत्री जनपद शाहजहांपुर के तौर पर कई इलाकों का निरीक्षण भी किया गया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि बाढ़ के बाद स्थिति कंट्रोल करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

### जिला अस्पताल और गांव का किया निरीक्षण



**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं जनपद शाहजहांपुर के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यहां के जिला अस्पताल और बाढ़ ग्रस्त गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि बाढ़ पीड़ित इलाकों पर वह लगातार संपर्क बनाकर रखें और लोगों को जो परेशानी आ रही है उसका समाधान कराया जाए। उनके भोजन से लेकर उनको सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शाहजहांपुर में नरेंद्र कश्यप के साथ विधायक अरविंद कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष के मिश्रा व महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

### बाढ़ पीड़ितों को लगातार पहुंचाई जा रही है मदद : नरेंद्र कश्यप



**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं प्रभारी जनपद शाहजहांपुर नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि उन्होंने बाढ़ से ग्रस्त इलाकों का दौरा किया है। वहां जो पीड़ित और प्रभावित परिवार हैं उनका लगातार मदद पहुंचाने और उनके भोजन और रहने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने स्थानीय नेता और कार्यकर्ताओं से कहा है कि अगर कहीं पर किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वह सीधे उन्हें फोन करें। वह उपयुक्त प्रबंध करवाएंगे। बता दें कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में बाढ़ से भारी नुकसान हो रहा है। जिसको लेकर सोमवार को ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपात बैठक बुलाई थी। तो वहीं गृहमंत्री ने भी मुख्यमंत्री से फोन पर बातचीत कर बोला है कि पीड़ितों की मदद और हरसंभव प्रयास किया जाए।

# क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों के लिए उपनिर्वाचन की समयसारिणी जारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मा० राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० के आदेशों के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गाजियाबाद द्वारा जनपद की क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों / पदों जो मा० न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उपनिर्वाचन निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश दिए। जिसमें नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय– 22 जुलाई, 2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की जांच का दिनांक व समय– 23 जुलाई, 2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक व समय– 24 जुलाई, 2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक), प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय– 24 जुलाई, 2024 (अपराहन 03.00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), मतदान का दिनांक व समय– 06 अगस्त, 2024 (प्रातः 7:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक), मतगणना का दिनांक व समय– 08 अगस्त, 2024 (प्रातः 8:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक) प्रस्तावित है।

### 18 जुलाई से नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ होगा

**करंट क्राइम।** निर्वाचन अधिकारी क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों के रिक्त स्थानों / पदों पर उप निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए दिनांक 18.07.2024 को सार्वजनिक सूचना निर्गत करेंगे तथा उसकी एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) को तत्काल भेजेंगे। इस निर्वाचन कार्यक्रम को प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायेगा और सम्बन्धित गांवों में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जायेगी। सार्वजनिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। उक्त उप निर्वाचन उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (सदस्यों का निर्वाचन) नियमावली, 1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। निर्वाचन अधिकारी की सूचना निर्गत किये जाने के दिनांक 18.07.2024 से नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जायेगा।

### मतों की गणना क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगी

**करंट क्राइम।** उपर्युक्त उप निर्वाचन में नाम निर्देशन पत्रों का विक्रय, नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने, उनकी जांच करने, उम्मीदवारी वापस लेने, प्रतीक आवंटन का कार्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगा। सभी मतों की गणना क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगी। सदस्य क्षेत्र पंचायत के स्थानों/पदों का निर्वाचन परिणाम क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर घोषित किया जायेगा। उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिरापुरम के दो पार्षद एक सरकारी विभाग के इंजीनियर की नजर में नहीं है दमदार? हमने देखा ये जब भी मिलाते हैं इस इंजीनियर को फोन? वहां से इन दोनों की कॉल हो जाती है अस्वीकार? शायद इन्हें नहीं है जानकारी इंजीनियर हैं बहुत बड़े लॉकधारी? उन्होंने किया हुआ है इन दोनों के नंबर को ब्लॉक? ये नंबर मिलाते रहते हैं मगर मामला नहीं होता है अनलॉक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमे बहुत अच्छा लगता है 100 नंबर वाले मैम्बर सिंह का अंदाज? वो अपने शब्दों से हमेशा रचते हैं इतिहास? इतना ही नहीं मौहल्लों के ग्रुपों पर भी वो लगातार रचते हैं क्रान्ति? जब तक नहीं मार देते हैं तीन चार भारी भरकम डॉयलाग? तब तक नहीं मिलती है इनके दिल को शांति? हम बहुत दिनों से देख रहे हैं कि तमाम ग्रुपों पर ये पिछले कई सालों से विकास के नाम पर कर रहे हैं धरना देने की बात? आखिर ये धरना कब देंगे, हमें समझ नहीं आ रहा साहब? अगर ये सचमुच चाहते हैं क्षेत्र के लिए कुछ करना? विकास पकड़ लेगा रफ्तार एक बार दे तो सहीं धरना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट वालों के प्रिय मिस्टर भगवान और मिस्टर डागर? कार्यकारिणी के गागर में नहीं भरना चाहते हैं सागर? हमें पता चला है इन दोनों के कुछ और ही हैं अरमान? ये दोनों जीडीए बोर्ड मैम्बर बनकर स्थापित करना चाहते हैं अपनी पहचान? अब देखते हैं दोनों में से किसका पूरा होगा सपना? क्योंकि हैवीवेट वालों की जब से ताकत बढ़ी है, तब से वो हो गये है गोमती? उन्होनें बंद कर दिये हैं टकराव, नहीं चाहते हैं वो इन मामलों में उलझना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से छोड़ा है हातम भैया और मुन्ना भैया ने हाथ का साथ? समय भगवा होते हुए भी काफी लंबा बीत गया है? मगर अभी तक नहीं बनी है दोनों की बात? जनरली जब साहब थे मौजूद? तब कुछ तो दिखाई देता था दोनों का वजूद? मगर हम देख रहे हैं अब दोनों को गौर से किसी भी राजनीति कार्यक्रम में नहीं दिख रहे हैं ये मौजूद? क्या भगवागढ़ बन गया है इनके लिया छलावा? अब ये कुछ और सोच रहे हैं राजनीति के अलावा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधानसभा उप चुनाव को लेकर जनरली दीदी का चल रहा है अंडरकरेंट में नाम ? इस नाम की चर्चा पार्टी आलाकमान तक काफी गंभीरता से चल रही है श्रीमान ? साहब के खेमे के लोग सब कुछ जानते हुए नहीं खोल रहे है अपने पत्ते ? मगर आज नहीं तो कल जरूर पूरी ताकत से उठने वाली है दीदी के समर्थन में आवाज ? जल्द ही उनकी दावेदारी लगाने वाली कई दिल जलों के दिल में आग ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा किंग सिटी वाले पूर्व कमिश्नर शर्मा जी फिर से हो गए है भगवा ? मगर भगवा होने के बावजूद नहीं नजर आ रहा उनका पहले जैसा अंदाज ? जॉइनिंग के बाद क्यों साध ली है उन्होंने लंबी खामोशी ?हमको समझ नहीं आ रहा साहब ? भगवा कमांडर के पास भी नहीं होते है उनके ज्यादा दीदार ? ऐसा लग रहा है, मजबूत राजनीति करने का फि लहाल उनका नहीं है विचार ? या फिर साधी हुई है उन्होंने इस बात को लेकर खामोशी, क्योंकि जल वालों को मिल रहा है भगवा कमांडर का हद से ज्यादा प्यार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवा कार्यालय पर, यहाँ पर हो रही थी भगवा गढ़ के सबसे मजबूत गोयल साहब के नाम की चर्चा ? कहने वाले कह रहे थे अब वो पहले की तरह नहीं करते है खर्चा ? बावजूद इसका उनके नाम का कर रहे थे सभी गुणगान ? कह रहे थे, भले ही वो पार्टी की गतिविधियों में ज्यादा ऐक्टिव नजर नहीं आते हों ? मगर कोई कार्यकर्ता उनके पास अगर जाता है तो जरूर करते है वो उसकी समस्या का समाधान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात अंदर से बाहर निकलकर बाहर मजबूती से है आ रही ? भगवा गेम फिनिशर पूरी मजबूती से कर रहे है विधानसभा चुनाव की तैयारी ? पार्टी के हर बड़े नेता से कर चुके है वो मुलाकात ? संघ के आलोक में भी मजबूत बताई जाती है उनकी बात ? कहने वाले ने कहा, भगवा कमांडर को इस चेहरे से मिल रही है काँटे की टक्कर ? नहीं छोड़ रहे मिस्टर फिनिशर कोई मोर्चा, लगे हुए है डटकर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा होने के बाद आरडी शर्मा का जलवा कुछ दिन तो रहा था खास ? एकेजी जी के साथ मजबूत संबंधों ने बनाया हुआ था उनकी की राजनीति को खास ? बढ़िया तरीके से जल रही उनकी राजनीति की आँच ? मगर इन दिनों हो गए है वो पूरी तरीके से राजनीति से गायब ? ना एकेजी के साथ उनके फोटो दिखाई देते है ? ना ही वो नजर आते है अब पूरे मान से किसी के साथ ? कहने वाले ने कहा, उनकी निष्क्रियता को देखकर लगता है कि वो भगवा वालों की राजनीति समझ ही नहीं पाये साहब ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बार सर्च करके तो देखो उनका नाम ऑन दा गूगल ? बहुत दिनों से भगवा राजनीति में नजर नहीं आ रहे युवा मोर्चा वाले भैया सिद्धार्थ युगल ? जब ये चेहरा था गाजियाबाद की राजनीति में सक्रिय ? तब इस चेहरे में हमको राजनीति की तमाम संभावनाएं नजर आती थी बेहिसाब ? ऐसा लगता था, ये चेहरा जरूर पूरा करेगा चेयरमैन या विधायक बनकर अपने समर्थकों का ख़्वाब ? मगर इस तरह से ये कर लेंगे खुद को शांत ? हो सकता है ये उनकी कोई रणनीति का हिस्सा हो ? या जो कुछ हो रहा है सब कुछ है बायचंस ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# संभव जनसुनवाई में 32 संदर्भ प्राप्त, नगर आयुक्त ने अधिकारियों सहित समस्याओं का कराया समाधान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ जिसमें 32 संदर्भ प्राप्त हुए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा अन्य समस्त निगम अधिकारियों ने जन समस्याओं को सुना। अधिकांश शिकायती पत्र स्वास्थ्य तथा निर्माण विभाग से प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार व समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### तत्काल कार्यवाही के दिए गए निर्देश

निर्माण विभाग के 6, डूडा विभाग के 2, स्वास्थ्य विभाग से 6, उद्यान विभाग से 2, प्रकाश विभाग से 2, टैक्स विभाग से 6, पशु चिकित्सा विभाग से 2, जलकल विभाग से 5 तथा अतिक्रमण संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ है। इस प्रकार 32 संदर्भ प्राप्त हुए जिस पर नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा मुख्य अभियंता निर्माण को प्राप्त संदर्भों पर कार्यवाही करने तथा कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। जलकल विभाग के प्राप्त संदर्भों पर भी अविलंब कार्यवाही कराई गई। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा आश कुमार को भी प्राप्त पत्रों के क्रम में स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Udeeta Tyagi Ji
1d

देवाधिदेव महादेव और जगत जननी माँ जगदंबा की कृपा से इस वर्ष हरिद्वार से डासना देवी मंदिर विश्व धर्म संसद की सफलता और जातिवाद ख़त्म हो इस संकल्प के साथ काँवर लायेंगे।

यात्रा 24 जुलाई से शुरू होगी रास्ते में सभी भाई बंधुओं से मिलना होगा।

#शिवशक्तिधाम
#worldreligiousconvention
#DrUditaTyagi

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी महिला मोर्चा की महानगर संयोजक डॉ उदिता त्यागी अब सियासत के साथ आस्था श्रद्धा का संदेश देने जा रही हैं। वो हरिद्वार से पैदल कावड़ यात्रा शुरू करेगी। अपने संकल्प को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।